


मोहन सरकार लेगी अपना पहला कर्ज... 12

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को अदालत ने किया... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 72

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 23 दिसंबर, 2023


## कोरोना से जयपुर में एक महीने का बच्चा संक्रमित: देशभर में 24 घंटे में 640 नए केस, केरल में सबसे ज्यादा 265 मामले, 1 की मौत

# फिर बढ़ने लगा कोरोना!

### डॉक्टर बोले, अनावश्यक दवाएं न खाएं, काढ़ा भी पूछकर लें, ऑस्ट्रेलिया से जोधपुर आई युवती भी पॉजिटिव, लगातार बढ़ रहे मरीज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना वायरस इन्फेक्शन के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। ओमीक्रॉन वैरिएंट के नए सब वैरिएंट जेएन.1 को संक्रमण के मामलों में तेजी के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को देशभर में कोरोना संक्रमण के 640 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही ऐक्टिव केस यानी कोरोना के वे मरीज जो अभी ठीक नहीं हुए हैं, उनकी संख्या बढ़कर 2997 हो गई है। केरल में एक और मरीज की मौत हुई है। गुरुवार को देशभर में कोरोना से 6 मौतें हुईं जो पिछले 7 महीनों में किसी एक दिन में मौत का सबसे बड़ा आंकड़ा है। भारत में अबतक कोरोना संक्रमण के कुल मामले 4.5 करोड़ से ज्यादा (4,50,07,212) हो गए हैं। इनमें से 4,44,70,887 मरीज पूरी तरह ठीक हो गए। इस तरह कोरोना से ठीक होने वालों की दर यानी रिकवरी रेट 98.81 प्रतिशत है। देश में अबतक कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़कर 5,33,328 हो गया है। संक्रमण के औसतन 100 मामलों में कम से कम एक मरीज की मौत हुई है। केस फैटलिटी रेट 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक देशभर में अबतक कोरोना वैक्सीन की 220.67 करोड़ डोज लगाई जा चुकी है।



### भारत में कहां से आया जेएन.1 वैरिएंट ?

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल के मुताबिक 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम में सबसे पहला जेएन.1 वैरिएंट सामने आया था। 79 साल की एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी के हल्के लक्षण थे। हालांकि, बाद में वह ठीक हो गई। कोविड के सब-वैरिएंट जेएन.1 की पहचान पहली बार यूरोपीय देश लक्जमबर्ग में हुई। यहां से यह तमाम देशों में फैलना शुरू हो गया। यह सब-वैरिएंट पिरोलो वैरिएंट (बीए.2.86) से जुड़ा हुआ है। इसे इंसानी शरीर की इम्यूनिटी के खिलाफ खतरनाक बताया जा रहा है। यही वजह है कि नए सब-वैरिएंट को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### केरल में 265 नए केस, 1 मरीज की मौत

केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 265 नए मामले सामने आए। वहीं, एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। राज्य में ऐक्टिव केस की संख्या बढ़कर 2,606 हो गई है। केरल में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से एक मरीज की मौत हुई। इसी के साथ बीते तीन वर्षों में कोरोना वायरस संक्रमण से राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72,060 हो गई है।

### मौत के मामलों का बढ़ना बढ़ा रहा चिंता

चिंता बढ़ाने वाली बात ये है कि एक दिन पहले गुरुवार को देशभर में कोरोना से 6 मरीजों की मौत हुई। इनमें 3 मौतें केरल में और एक-एक मौत कर्नाटक और पंजाब में हुई हैं। केरल में शुक्रवार को भी एक मरीज की मौत हुई। करीब 7 महीने बाद किसी एक दिन में कोरोना से इतनी मौतें हुई हैं। संक्रमण के मामलों में इजाफा के ट्रेंड पर एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसे नई लहर कहा जाए या नहीं, इसके लिए कुछ और दिनों का इंतजार किया जाना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कोरोना वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 को भी वैरिएंट ऑफ इंट्रेस्ट करार दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं लेकिन ऐहतियात बरतें।

### 41 देशों में फैला जेएन.1 वैरिएंट

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कोरोना का नया जेएन.1 वैरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में जेएन.1 के मामले सबसे ज्यादा हैं। भारत में नए वैरिएंट के 21 मामले हैं। डब्लूएचओ ने जेएन.1 को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' में शामिल किया है। डब्लूएचओ ने बताया कि अभी तक का विश्लेषण कहता है कि मौजूदा वैक्सीन जेएन.1 वैरिएंट पर पूरी तरह से कारगर है। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। हालांकि, डब्लूएचओ ने सावधानी के तौर पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़ वाले, बंद या दूषित हवा वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही आवश्यक दूरी बनाने को भी कहा गया है।

### केंद्र का निर्देश, सभी जिले टेस्ट करें

केंद्र सरकार ने नए वैरिएंट को लेकर 18 दिसंबर को सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की। इसमें सभी राज्यों को ज्यादा से ज्यादा कोविड टेस्ट करने को कहा गया है। केंद्र ने पॉजिटिव सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लैब भेजने का निर्देश दिया है। केरल में कोविड-19 का मामला बढ़ने के कारण वहां भी एडवाइजरी जारी की गई है। यहां 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों, किडनी, हृदय, लिवर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली मांओं को बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने की सलाह दी गई है। केंद्र के निर्देशों के अनुसार, अभी ज्यादा घबराने या तुरंत प्रतिबंध लगाकर सीमा पर (केरल, तमिलनाडु राज्यों) निगरानी बढ़ाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, केरल और तमिलनाडु से लगे सभी सीमावर्ती जिलों को सतर्कता बरतनी चाहिए। क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान लोगों को खास तौर पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## यूपी सरकार ने जारी की नई गाइड लाइन, खांसी, बुखार और श्वांस रोगियों की करानी होगी कोविड जांच

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कोविड के नए वैरिएंट जेएन-1 को लेकर शुक्रवार को शासन ने सभी सरकारी, निजी अस्पतालों के साथ ही सीएमओ को नई गाइडलाइन जारी कर दी। इसके तहत इंफ्लुएंजा जैसे लक्षणों, खांसी, बुखार व श्वांस संबंधी बीमारियों की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की कोविड जांच कराई जाएगी। पॉजिटिव पाए जाने पर जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए नमूना केजीएमयू भेजा जाएगा। नई गाइडलाइन के तहत खांसी, जुकाम, बुखार व श्वांस संबंधी रोगियों पर विशेष तौर पर नजर रखी जाएगी। इन मरीजों की जब तक कोविड रिपोर्ट नहीं आती है तब तक आइसोलेशन में रखकर इलाज किया जाएगा। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सालयों में भर्ती होने वाले इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) यानी इंफ्लुएंजा जैसे लक्षणों वाले मरीजों और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (एसएआई) यानी गंभीर किस्म के श्वसन तंत्र के संक्रमण के मामलों में अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर जांच कराई जाएगी। ▸ संबंधित खबर पेज 05 पर



### भीड़ वाले स्थानों पर जाएं तो लगाएं मास्क

क्रिसमस व नए वर्ष की पूर्व संध्या पर होटल, रेस्त्रां व मॉल में लोगों की भीड़ जुटेगी। इससे संक्रमण के प्रसार की आशंका है। इसको देखते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने लोगों से भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है। मास्क लगाने पर जोर दिया है, ताकि कोविड के प्रसार को रोका जा सके।

### निजी अस्पतालों को भी करना होगा गाइडलाइन का पालन

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है निजी अस्पतालों को भी कोविड की नई गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी अस्पतालों को कहा गया है कि खांसी, बुखार व श्वांस संबंधी बीमारियों की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों को आइसोलेशन में रखें। उनकी कोविड जांच कराएं। रिपोर्ट आने तक कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जाए।

## श्रमजीवी एक्सप्रेस विस्फोट कांड में दो आतंकी दोषी करार, 2 जनवरी को सुनायी जाएगी सजा

✻ शुक्रवार को अपर सत्र न्याधीश प्रथम राजेश राय की अदालत में दोनों को दोषी करार दिया

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



28 जुलाई 2005 को हुए श्रमजीवी विस्फोट कांड में बांग्लादेशी आतंकी हिलालुद्दीन व पश्चिम बंगाल के नफीकुल विश्वास को दोषी करार दिया गया है। शुक्रवार को अपर सत्र न्याधीश प्रथम राजेश राय की अदालत में दोनों को दोषी करार दिया गया। इस मामले में अब दो जनवरी को सजा सुनायी जाएगी। 28 जुलाई 2005 को सिंगरामऊ के हरपालगंज हरिहरपुर के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस में आतंकियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में 14 लोग मरे थे व 18 लोग घायल हुए थे। मामले में ट्रेन में बम रखने वाले बांग्लादेशी आतंकी रोनी उर्फ आलमगीर एवं षड्यंत्र करने वाले आतंकी ओबैदुर्रहमान को वर्ष 2016 में अपर सत्र न्यायाधीश बुद्धीराम यादव ने मृत्युदंड की सजा सुनाया था। दोनों ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की है जो विचाराधीन है। शेष दोनों आरोनी बांग्लादेश निवासी हिलालुद्दीन व पश्चिम बंगाल के नफीकुल के मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। दोपहर बाद करीब तीन बजे दोनों को कड़ी सुरक्षा के बीच जिला कारागार से न्यायालय ले जाया गया। वहां करीब एक घंटे तक चली सुनवाई के बाद दोनों को दोषी करार दिया गया। सजा के लिए दो जनवरी की तिथि मुकर्रर की गई। डीजीसी फौजदारी सतीश कुमार पांडेय व सहायक शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि मामले में दोनों आरोपी आतंकियों को दोषी करार दिया गया है। सजा दो जनवरी को सुनायी जाएगी। इस मामले में वर्ष 2016 में दो आतंकियों को फांसी की भी सजा सुनायी जा चुकी है। हालांकि दोनों ने हाई कोर्ट में अपील डाल रखा है।

## बजरंग पूनिया ने लौटाया पद्म श्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा ÷मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है। बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए खत में लिखा माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्सुएल हरासमैंट के गंभीर आरोप लगाए थे, जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था।

## प्रेमानंद महाराज के अब रात के समय नहीं होंगे दर्शन

जन एक्सप्रेस | मथुरा

संत प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज छटीकरा मार्ग स्थित अपने आवास से सोमवार रात ढाई बजे पदयात्रा न कर कार से वराह घाट स्थित अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज पहुंचे। इस कारण कड़ाके की ठंड में तीन-चार घंटों से सड़क के दोनों ओर खड़े भक्तों-संतों को दर्शन नहीं हो सके और वे मायूस हो गए। संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य और उनके दर्शन के लिए रात से ही उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए पदयात्रा पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम के सूत्रों के अनुसार संत प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज अपने परिकर के साथ सोमवार रात ढाई बजे पैदल न चलकर कार से आश्रम पहुंचे।

## नए साल पर बांकेबिहारी मंदिर की बदली व्यवस्था



✻ धार्मिक स्थलों पर मास्क लगाने के नियम का पालन श्रद्धालुओं से जरूर कराएं: सीएमओ

जन एक्सप्रेस | मथुरा

वृंदावन में बांकेबिहारी के दर्शन के लिए नव वर्ष पर करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने शासन की गाइडलाइन की पालना करवाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस को पत्र लिखा है। होटल संचालक, फैक्टरी और अन्य प्रतिष्ठान संचालकों को भी आदेश दिया गया है कि वे अपने यहां कोविड गाइडलाइन का पालन कराएं। सभी सरकारी महकमों को भी अपने यहां आने वाले कर्मचारी व आगंतुकों को नियमों का पालन कराने का आदेश दिया गया है, लेकिन वर्तमान में हालत यह है कि किसी भी धार्मिक स्थल पर कोविड नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को सभी स्थलों, होटलों और सरकारी महकमों में यही स्थिति रही।

### बच्चे-बुजुर्गों को न लाएं, बीमार है तो दवा खाकर आएं

बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन नए साल पर उमड़ने वाली भीड़ से कोविड फैलने की आंशका के मद्देनजर गाइडलाइन तैयार कर रहा है। मंदिर के प्रबंधक मुनीश कुमार शर्मा ने बताया कि कोविड महामारी का खतरा फिर से बढ़ रहा है। नव वर्ष पर लाखों श्रद्धालु आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन करने के लिए आएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाइड लाइन तैयार की जा रही है। जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। वहीं उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि नववर्ष पर अपने साथ छोटे बच्चे, बुजुर्ग, अस्वस्थ और दिव्यांग को न लाएं। श्रद्धालु व्रत न रखकर आएं और बीमार हैं तो दवा खाकर ही मंदिर में दर्शन करने आएं।

### फैला कोविड तो ठप हो जाएगा पर्यटन उद्योग

गोवा, केरल और महाराष्ट्र में कोविड के नए वैरिएंट के केस सामने आ चुके हैं। देश के अन्य हिस्सों में सामान्य कोविड के मरीजों की संख्या एकाएक बढ़ने लगी हैं। ऐसे में 2020 और 2021 में कोविड के कारण लॉकडाउन का दंश झेल चुके ब्रज के उद्यमियों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। होटल, रेस्तरां सहित पायल, साड़ी, टोंटी उद्यमियों को आशंका है कि भीड़ के कारण कोरोना के केस यहां बढ़े तो कारोबार को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## 30 दिसंबर को पीएम के दौरे के दिन होगी प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की ग्रैंड रिहर्सल, योगी ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अयोध्या में अपने दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह की देरी पर है। ऐसे में प्रदेश की योगी सरकार आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले ग्रैंड इवेंट का ग्रैंड रिहर्सल कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ही अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी 2024 के लिए तैयारी है।



### सुंदर फूलों से सड़कों को सजाया जाए

सीएम योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग (राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ) को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्व स्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए।



### चमकनी चाहिए सड़कें, सजावटों से आनी चाहिए शाइनिंग

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं। एनएचआई बाईपास मार्ग के डिवाइडर पर जो सजावट की जा रही है उनमें बेहतर शाइनिंग दिखाई आनी चाहिए। अयोध्या में कही भी सड़कों पर धूल तथा गन्दगी नहीं दिखनी चाहिए। अयोध्या में प्रधानमंत्री का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया जाए। अयोध्या एयरपोर्ट से लेकर शहर के अन्य विभिन्न स्थानों पर गेट बनाये जाएं तथा उन्हें बेहतर ढंग से सजाने की व्यवस्था की जाए।

### भारत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा इवेंट होगा रामोत्सव

बता दें कि रामोत्सव-2024 की तैयारी में जुटी योगी सरकार इस एक माह में ना सिर्फ अयोध्या को बल्कि पूरे प्रदेश को राममय बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। भारत के इतिहास में अबतक के इस सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रही है। माना जा रहा है कि 30 दिसंबर से अयोध्या में उत्सवों की शुरुआत हो जाएगी। यही नहीं प्रदेश के सभी जनपदों में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। भजन-कीर्तन, रामकथा, प्रवचन और रामलीलाओं के मंचन के साथ ही अन्य भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इस एक माह में देश के प्रख्यात कथावाचक और सुप्रसिद्ध गायकों को अयोध्या में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर भी मिलेगा।

# सुरक्षा को लेकर न्यायालय परिसर में तैनात हुई पुलिस व पीएसी

* परिसर में जमीन के विवाद को लेकर दो गुटों में हुई थी मारपीट

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



गुरुवार को न्यायालय परिसर में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों को में हुए मारपीट के बाद अधिवक्ताओं के चैंबरों में तोड़फोड़ हुआ। मारपीट में अधिवक्ताओं के घायल होने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर न्यायालय परिसर में अतर्रा थाना पुलिस व पीएसी के जवान गस्त करते रहे वही अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर आक्रोश दिखाते हुए एक दिवसीय हड़ताल पर रहकर पुलिस की कार्य शैली पर सवाल खड़े किए।

गुरुवार को सपा नेता नीरज द्विवेदी पीयूष राठौड़ व सौरभ राठौर के समरथ को के बीच बीच हुए विवाद में घायल हुए अधिवक्ता संकेत पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ वबृजमोहन सिंह राठौड़ के घायल होने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश हुआ। शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एक और जहां सुबह से ही थाना पुलिस न्यायालय परिसर में चैकन्ना दिखाई। पीएसी यह जवान तैनात रहे थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डटे रहे। उधर अधिवक्ताओं में घटना को लेकर आक्रोश दिखा। अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए एकदिवसीय हड़ताल की घोषणा कर न्यायिक कार्य से भीरत रहे। अधिवक्ताओं ने कहा है कि जिस प्रकार न्यायालय परिसर में लगभग 1 घंटे मारपीट का दौड़ चला पुलिस अगर समय से आ जाती तो घटना होने से बच जाती उधर मारपीट में घायल अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ व बृजमोहन सिंह कानपुर में एडमिट है हालत गंभीर है। उधर सपा नेता नीरज द्विवेदी व अन्य पारिवारिक जनो का भी उपचार चल रहा है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिवनंदन यादव, लखन मिश्रा, सूरज बाजपेई, शिव मूर्ति मिश्रा आदि ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा बढ़ाई जाने की मांग की है।

## करंट से लाइनमैन झुलसा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** खम्भे में चढकर फाल्ट ठीक करते समय हाईटेंशन करंट लग जाने से संविदा लाइन मैन झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लाइन मैन ने एसएसओ पर लापरवाही का अरोप लगाया है। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा गांव निवासी बृजभान (32) पुत्र जयचंद्र जौहरपुर उप केद्र में संविदा पर लाइन मैन है। गुरूवार की शाम वह खंभे मे चढकर फाल्ट ठीक कर रहा था। तभी अचानक आपूर्ति चालू हो जाने से करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आसपास के लोगो ने देखा तो उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बृजभान का अरोप है कि उसने एसएसओ से शटडाउन लिया था।

## भाकियू की पंचायत में किसानों की मूलभूत समस्याओं पर हुई चर्चा



**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक में किसानो से जुडी समस्याओ को लेकर बिन्दुवार चर्चा किया गया। साथ ही प्रयागराज में जनवरी माह में होने वाली तीन दिवसीय शिविर में बडी संख्या में जनपद से किसानो को ले जाने की रूप रेखा तय किया गया और संगठन का विस्तार किया गया।

नहर कालोनी के निरीक्षण भवन में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिह चैहान ने शिरकत किया। बैठक में किसानो की समस्याओ पर बिन्दुवार चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चैहान ने कहा कि प्रशासन से मांग करते है कि ग्रामीण क्षेत्रो में किसानो में दिन में बिजली दिया जाय, किसानो का धान पूरी इमानदारी के साथ बगैर कटौती के सरकारी क्रय केन्द्रो में खरीदा जाय और जिले के बिगडे नलकूप तत्काल सही कराये जाय, अन्ना जानवरों को गौशाला में रखा जाय।

यदि प्रशासन इन मॉगो को शीघ्र नही मानता तो जिले में बडी पंचायत किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री चैहान ने कहा कि जनवरी माह में प्रयागराज में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन संगठन द्वारा किया जाएगा। जिसमें जिले से बडी संख्या में किसान शामिल हो। बैठक के दौरान जिला संगठन का विस्तार करते हुए छोटे सिंह को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने किया। इस मौके पर प्रदीप सिंह चैहान, महेन्द्र भदौरिया, आनन्द सिंह, अजय प्रजापति, राधेश्याम, रवि, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

भाजपा सरकार के अनीतियों के चलते और विपक्षी पार्टियों की आवाज को दबाने के लिये संविधान के हनन के विरोध में समाजवादी पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन करके जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में समाजवादी पार्टी ने कहा है कि एनडीए गठबंधन के देश के नेताओं को भय और डर दिखाकर भारतीय जनता पार्टी उत्पीडन कर रही है। भाजपा सरकार में देश में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। एससी/एसटी/ओबीसी का आरक्षण समाप्त किया जा रहा है। निजीकरण करके चन्द लोगों के हांथ में भाजपा द्वारा देश को बेचा जा रहा है। इस सरकार में कमरतोड मंहगाई, महिला उत्पीडन, भ्रष्टाचार बढा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। सरकार के इशारों पर दोनों सदनों मे जनता की समस्याओं को सदनों मे नहीं उठाने दे रहे हैं। सरकार के इशारे पर 186 चुने हुये सांसदों को अलोतांत्रिक तरीके से निलम्बित किया गया है इसलिये एनडीए गठबंधन की बैठक में सर्वसम्मति से समाजवादी पार्टी के लोग संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिये प्रदर्शन कर रहे हैं और मांग कर रही है कि निलम्बित सांसदों को बहाल किया जाये। ज्ञापन देने में पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष मधूसूदन कुशवाहा, मोहन साहू, नन्दकिशोर, एजाज खान, यशवंत यादव, उमेश यादव, विशम्भर प्रसाद निषाद, रामपाल वैश्य, प्रमोद गुप्ता, वृन्दावन वैश्य आदि तमाम सपाई मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने ली कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, प्रभारी मंत्री जनपद चित्रकूट नरेन्द्र कुमार कश्यप की अध्यक्षता में एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, सदर विधायक अनिल प्रधान, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत ग्रेड एवं रैंकिंग के संबंध में भवन निर्माण, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा के कार्यों, एंबुलेंस का संचालन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन, बीज डीबीटी, शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संप्रदाय योजना, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, कौशल विकास मिशन, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृ शिशु एवं बालिका मदद योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, खनिज, स्टाम आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सभी विभागों की प्रगति की चर्चा इस बैठक में की गया। जिसमें काफी विभागों ने ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया है और रैंकिंग भी अच्छी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक के पैटर्न में बदलाव किया गया है, जिसमें विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में रैंकिंग प्रदेश के सभी जनपदों की देखी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पूरे देश में प्रदेश को नंबर एक पर लाने के लिए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा हमारी सरकार पर बढ़ा है। साथ ही बाहर से उद्यमी आकर प्रदेश में धरातल पर उद्यम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सब लोग भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लाकर धरातल पर कार्य करेंगे तो जनपद प्रदेश में नंबर एक पर रहेगा। उन्होंने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जनपद के विकास कार्यों में अच्छी प्रगति करायी जाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री का विकास कार्य कराकर विकसित करने का कार्य किया जा रहा है, उसी के अनुसार आप लोग कार्यों को कराएं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से कानून व्यवस्था के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि बैठक में जिन-जिन विभागों की ग्रेड व रैंक कम है, उसके सम्बन्ध में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, वह सभी विभाग मेहनत करके कार्यो को कराएंगे ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, भाजपा के महामंत्री आलोक पांडेय, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे।

## जिले में है अवैध कब्जों की भरमार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय समेत आसपास के गांवों में भी अवैध कब्जों की भरमार है। अवैध कब्जे हटाने के वह प्रयास नहीं हो रहे, जो सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाह रहे हैं। अवैध कब्जों के चलते आये दिन लोग परेशान हैं। अवैध कब्जे हैं कि हटने का नाम नहीं ले रहे। जिला प्रशासन भी कहीं न कहीं लोगों के अवैध कब्जे पर अदालत के दखल के चलते मजबूर है। जिला मुख्यालय के बनकट नहर या सोनेपुर नहर या सडक 144 व कुआ के अवैध कब्जे हों या फिर तहसील कर्वी के गोबरिया मजरा कपसेठी के तालाब का अवैध कब्जा हो, हटाने के प्रयास जिला प्रशासन नहीं कर रहा। ये लोग लम्बे समय से अवैध कब्जाकर आवास बनाये हुए हैं। यहां तक कि तालाब के भीठे की जमीन भी कई लोगों ने अवैध ढंग से बेंच दी है। गोबरिया मजरा कपसेठी के ग्रामीण राजू यादव, नत्थू, इन्द्रपाल, भोला, बालचन्द्र, महेश, राजेश, जयकरन, रामपाल, गेंदेलाल, राममिलन, राम स्वरूप आदि ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि गोबरिया मजरा कपसेठी के आराजी नम्बर चार रकबा 1.756 हे. व आराजी छह रकबा 0.982 हे. सार्वजनिक बन्दोबस्ती तालाब है। आज भी तालाब में रामबाबू, रमेश, सुरेश, रविदत्त, शिवमंगल, संजय कुमार, सनत कुमार, रजोला, अजय कुमार पुत्र रामाधार अवैध ढंग से आवास बनाकर कब्जा किये हैं। तालाब की जमीन को फर्जी ढंग से दर्ज करा लिया है। एसडीएम कर्वी ने जांच के बाद पांच मई 2008 को खारिज कर दिया है। इसके बाद सुरेश आदि ने 23 मई 2013 से दस अक्टूबर 2012 को बोर्ड आफ रेवेन्यू इलाहाबाद से स्टे ले लिया था, अभी भी ये लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। जहां सार्वजनिक रास्ता है, वहां पर भीठे में पक्का निर्माण व दूसरे भीठे में कच्चा निर्माण कर रहे हैं। प्रधान के मना करने पर गाली-गलौज कर फसाद पर आमादा होते हैं। ग्रामीणों ने अवैध कब्जे की जमीन से लोगों को बेदखल कर कार्यवाही की मांग की है, ताकि तालाब के पानी का निस्तार सभी लोग कर सकें। जिला प्रशासन अवैध कब्जों को हटाने में नाकाम साबित हो रहा है। इसके चलते अवैध कब्जेधारक मस्त हैं, योगी सरकार के नुमाइन्दे अवैध कब्जेधारकों के आगे पस्त नजर आ रहे हैं।

## चित्रकूट धाम की मिट्टी, शिला एवं मन्दाकिनी के जल से दोनों देवस्थलों का होगा अद्भुत संगम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समाज सेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के तत्वाधान में शुक्रवार को सात सदस्यीय दल चित्रकूट धाम की मिट्टी, शिला एवं मां मन्दाकिनी का पवित्र जल लेकर देवभूमि उत्तराखंड के रवाना होंगे।

रविवार को उत्तराखंड के रामनगर में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में चित्रकूट धाम से चित्रकूट इकाई के अध्यक्ष केशव शिवहरे की अगुवाई में पायनियर्स क्लब का सात सदस्यीय दल शाम को रवाना होगा। जो अपने साथ कामदगिरि की पवित्र रज, शिला एवं मां मन्दाकिनी का पवित्र जल कलश लेकर जा रहे हैं, जो रामनगर स्थिति विशाल हनुमान धाम में स्थापित किए जायेंगे। जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। प्रमुख द्वार कामदगिरि के महन्त मदनगोपाल दास, दिगम्बर अखाड़ा परिषद के महन्त दिव्यजीवन दास, गायत्री शक्ति पीठ के प्रमुख डॉ. राम नारायण त्रिपाठी एवं भागवत भूषण पंडित बृजेन्द्र शास्त्री ने मंत्रो से अभिसिंचित रामघाट से अविरल प्रवाहित जल एवं कामदगिरि पर्वत से रज तथा शिला संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे को सौंपते हुए कहा कि प्रभु श्री राम की तपोभूमि से यह पवित्र सामग्री देवभूमि उत्तराखण्ड में स्थापित की जायेगी, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। इससे दोनों देवस्थलों के आत्मिक मिलन का अद्भुत संगम होगा। देवभूमि में हो रहे अधिवेशन में संस्था के पदाधिकारी महेन्द्र केशरवानी, विनोद गुप्ता, डॉ. श्रीराम अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, सचिन अग्रवाल, अमित अग्रहरि, अशोक द्विवेदी, सुनील सुहाने आदि शामिल होगें।

## जिलाधिकारी ने किया ऑक्सीजन प्लांट का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को रौली कल्याणपुर में आक्सीजन प्लांट का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि आज जनपद में पहला ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से युवा मुख्य धारा से जुड़कर रोजगार करें। उन्होंने कहा कि यह ऑक्सीजन प्लांट भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मैसर्स श्री राधे कृष्णा के प्रोपराइटर प्रत्यूष मिश्रा एवं केपी मिश्रा द्वारा यह प्लांट बैंक के माध्यम से वित्त पोषित होकर लगाया हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक अस्पतालों, क्रेशर उद्योगों के लिए अन्य जनपदों से ऑक्सीजन मंगाई जाती थी। कोरोना काल के दौरान भी ऑक्सीजन की कितनी समस्या थी। उन्होंने कहा कि इन युवा उद्यमियों ने अच्छी पहल की है, इनकी सोच से आज यह प्लांट खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि और युवा उद्यमी इनसे प्रेरणा लेकर उद्यम स्थापित करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। प्लांट के प्रोपराइटर प्रत्यूष मिश्रा ने बताया कि अभी 120 सिलेंडर की व्यवस्था की गई है। जिस अनुसार मांग बढ़ेगी, उसी के अनुसार ऑक्सीजन की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान इंद्राणी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मालती मिश्रा, केपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# धुनकर समाज लगातार रहा पिछड़ पुस्तैनी व्यापार पूंजी पतियों के हवाले

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



मुस्लिम समाज की आबादी में सबसे बड़ी आबादी मंसूरी समाज के लोगों की है लेकिन आज भी समाजिक रूप से मंसूरी समाज हर क्षेत्र में पिछड़ा है। मंसूरी समाज के आर्थिक रूप से पिछड़ने का मुख्य कारण मंसूरी समाज के पुस्तैनी रुई धुनने के कारोबार, उद्योग को वह सुविधाएं नही मिली जो दूसरे कारोबार, उद्योग को मिली है। सरकारी उपेक्षा के कारण मंसूरी समाज के पुस्तैनी कारोबार पर पूंजीपतियो का कब्जा होता जा रहा है। सरकार धुनकर समाज को वह सुविधाएं नही दे रही है जो दूसरे समाज के लोगों को उनका पुस्तैनी कारोबार बचाने के लिए दे रही है इसलिए सरकार धुनकर समाज की समस्याओं, उनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए धुनकर आयोग का गठन कर इस समाज के समस्याओं से अवगत हो और धुनकर समाज को कारोबार करने के लिए रूई धुनने की आधुनिक मशीनों खरीदने आदि के लिए सब्सिडी लोन, बिजली व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये ताकि धुनकर समाज भी तरक्की की मुख्य धारा में जुड़ सके। यह बात कस्बा प्रेमनगर में जमीअतुल मंसूर संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व यूपी एग्रो के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यमंत्री जावेद इकबाल मंसूरी ने कही। उन्होंने कहा कि मंसूरी समाज पूरे देश में अलग-अलग नामों से जाना जाता है इसीलिए जमीअतुल मंसूर ने सारे देश मे मंसूरी समाज का जागरूकता अभियान चला रखा है। जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में मंसूरी समाज का मुख्य पेशा पूंजीपतियों के हाथ में चला गया है। सरकार जिस तरह बुनकरों को अपना उद्योग लगाने के लिए बिजली में सब्सिडी व अन्य सुविधाएं देती है उसी तरह धुनकर समाज को भी वो सारी सुविधाएं उपलब्ध कराये जो बुनकरों को उपलब्ध होना चाहिये है। इसके लिए सरकार जल्द ही किसी पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में धुनकर आयोग का गठन कर धुनकर और मंसूरी समाज की समस्याओं का अध्यन करा ले। कार्यक्रम में उपस्थित जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंसूरी द्वारा कस्बा प्रेमनगर के व्यापारी एवं समाजसेवी मोहम्मद यूसुफ मंसूरी को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराते हुए जिलाध्यक्ष के पद पर माला पहनाकर मनोनयन भी किया गया। कार्यक्रम मे बडी सख्या मे धुनकर समाज सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शासन स्तर पर दीर्घ कालीन साहित्य सेवा पर मिलेगा पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने बताया कि 'राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान' प्रदेश के राज्यकर्मियों की प्रख्यात साहित्यिक संस्था है। संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषाओं-बोलियों, उर्दू भाषा के साहित्य की समृद्धि, प्रचार एवं राज्य कर्मियों में साहित्यिक अभिरुचि उत्पन्न करना है। प्रदेश शासन की योजना के अन्तर्गत 'राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान' द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के राज्यकर्मियों को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली प्रदेश की भाषाओं-बोलियों में मौलिक एवं दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना हैं। इन सभी पुरस्कारों की धनराशि रुपये एक-एक लाख होगी। हिन्दी-उर्दू, गद्य-पद्य में सृजनात्मक साहित्य के अतिरिक्त यात्रा वृत्तांत, आत्मकथा, जीवनी, संस्कृति, संस्मरण, विज्ञान, पर्यावरण, अद्यावधिक विषय, आलोचनात्मक साहित्य, भूगोल, इतिहास, दर्शन, पौराणिक, शिक्षा एवं वित्त से सम्बन्धित पुस्तकें या अन्य भाषा में लिखी गयी उपयोगी पुस्तकों का हिन्दी-उर्दू में किये गये अनुवाद की पुस्तकें भी पुरस्कार हेतु 'मानस' विचारणीय होंगी। जिले के राज्य कर्मियों में इसे प्रचारित करने का आदेश देने एवं नोटिस बोर्ड पर लगवाने की व्यवस्था किया जाय।

## प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन को लेकर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन रामघाट की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आगामी 7 जनवरी को होने वाले दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रामघाट के व्यापारियों की राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की उपस्थित में रामघाट युवा इकाई ने बैठक का आयोजन किया। युवा अध्यक्ष आशीष गुप्ता व उपाध्यक्ष अभिषेक केशरवानी ने कहा कि दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में रामघाट से बड़ी संख्या में व्यापारी सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि रामघाट सीतापुर से 50 व्यापारियों की कमेटी बनाकर दो दिन के अन्दर केन्द्रीय कार्यालय में जमा कर दी जाएगी। जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल ने कहा कि व्यापारी बढ़-चढ़कर सम्मेलन में हिस्सा लें। कार्यक्रम की तैयारी में लगकर जिम्मेदारियां बाटें। व्यापारी नेता व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि चित्रकूट धाम में होने वाले दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन के माध्यम से व्यापारियों में एकजुटता, पर्यटन, उद्योग व्यापार व रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। सम्मेलन के माध्यम से जिले में नए उद्योगों की स्थापना होगी। इस मौके पर मंडल मंत्री विनोद आर्य, युवा उपाध्यक्ष सीताराम श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता, बालू रामचंद्र, सतीश गुप्ता, राज अनुरागी, सौरभ केशरवानी, प्रमोद अग्रवाल, वीरेन्द्र तिवारी, नीलू शर्मा, मनोज गुप्ता, अमित कुमार, प्रवीण केशरवानी, सचिन मोदनवाल, शिवलाल, छोटू, मनोज कुमार, जानकी प्रसाद, रूपेश केशरवानी, अनूप केशरवानी, नीरज मिश्रा, श्रीनाथ केशरवानी, प्रदीप द्विवेदी, अंकित मोदनवाल, महेश केशरवानी, विवेक अग्रवाल, सोमनाथ केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## सर्दी से कईयों की हालत बिगड़ी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। सर्दी ने लोगो को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। सर्दी लगने से छह लोगो को हालत बिगड़ गई। उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह डायरिया बुखार भी लोगो का पीछा नही छोड़ा रहा है। डॉक्टरो ने ऐहितियात बरतने की सलाह दी। दिसंबर माह गुजरने में सिर्फ एक सप्ताह बांकी है। सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। शुक्रवार की सुबह से ही कोहरे की धुंध छाई रही। जिससे गलन बढ गई। देहात कोतवाली क्षेत्र के चटचटगन गांव निवासी मंजू (16) निवासी चटचटगन शुक्रवार की सुबह खेतो की तरफ से घर लौट रही थी। तभी सर्दी ने अपनी चपेट में ले लिया। इसी तहर पूनम (19)निवासी कांशीराम कालोनी, राजकुमार (7) निवासी पन्नाह मर्का, रंजीत (65)निवासी मवई, भानू देवी (60)निवासी कटरा, अनिल (30)निवासी शांती नगर, को सर्दी लगने से हालत बिगड़ गई। वही डायरिया,बुखार की चपेट में आने से कल्लू (70)निवासी मोहनपुरवा, अंकित (19) निवासी छावीतालाब, रज्जन (55)निवासी कलेक्टर पुरवा, संदीप (40)निवासी अर्दली बाजार, अंशिका (17) निवासी क्योटरा, निर्भय (10 माह) निवासी इद्रापुरवा, ज्ञानेद्र (18) निवासी इद्रानगर, आकृति (19माह) निवासी बिजली खेडा,अभिराज (3)निवासी गूलर नाका, राजाबाबू (59)निवासी पोड़ा बाग, को भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन इनामिया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

तीन माह पूर्व राजघाट के पास अवैध खनन पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचे खान अधिकारी और पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वाहन में तोड़फोड़ भी की गई थी। साथ ही अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया गया था। सितंबर माह में 20 तारीख की रात को खान अधिकारी सुभाष सिंह पुलिस टीम के साथ अवैध खनन पर कार्यवाही के लिए मुक्तिधाम राजघाट के पास पहुंचे थे। तभी कार्यवाही के दौरान कई लोगों के द्वारा टीम पर हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी गई थी। इस संबंध में कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रकरण में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों राममिलन केवट पुत्र रामप्रताप केवट निवासी मढ़ईयन कुरधाना थाना गोयरा जनपद छतरपुर, सुनील केवट पुत्र बाबू केवट निवासी मढ़ईयन कुरधाना दतरपुर और मिथलेश निषाद उर्फ भइया पुत्र मेवालाल निवासी ग्योड़ीबाबा थाना कोतवाली नगर को शुक्रवार को पुलिस टीम ने गंछा मोड़ ग्राम तिंदवारा के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि तीनो अभियुक्तों पर 10-19 हजार रुपए का ईनाम धोषित किया गया था। पुलिस टीम में नगर कोतवाली प्रभारी अनूप कुमार दुबे, वरिष्ठ उप निरीक्षक कृष्णदेव त्रिपाठी, उप निरीक्षक दिलीप मिश्र, वीरेंद्र त्रिपाठी सुधीर सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र, विकास व जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

## जाम के झाम से हांफ रहे लोग व वाहन, यातायात जागरूकता का नहीं दिख रहा असर

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



यातायात माह हो या सामान्य दिन शहर के लिये जाम की समस्या लाइलाज होती जा रही है। सड़को के किनारे फुटपाथ पर अवैध पार्किंग व दुकानदारों की रखी हुई वस्तुएँ ट्रैफिक व्यवस्था का ब्लड प्रेशर बढ़ा रहे है। सड़को पर चलने वाले ई-रिक्शा के अप्रशिक्षित चालक जाम की समस्या में कोढ़ में खाज जैसी स्थिति बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे। ऐसे में आम आदमी ट्रैफिक जाम से दिनभर जूझने को मजबूर है। दिन में किसी भी समय शहर के लगभग सभी मार्गो में रेंगते हुए ट्रैफिक के बीच चैराहे को पार करना आपने आपमे किसी चुनौती से कम नही है। प्रति वर्ष नवम्बर माह को यातायात माह के रूप मनाया जाता है जिसमे परिवहन एव पुलिस विभाग के द्वारा लोगो को यातायात नियमो को जानने व उनका पालन कराये जाने के लिये जागरूक कराया जाता है लेकिन सरकार के इस प्रयास का धरातल पर कितना असर होता है यह शहर की जाम को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। ट्रैफिक नियमो को दरकिनार कर चलने वाली गाड़िया हो या आड़े तिरछे पार्क किये वाहन जाम की समस्या को बढ़ा रहे है। इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्गों में चलने वाले ई-रिक्शा के अप्रशिक्षित चालक भी जाम की समस्या बढ़ाने में भरपूर योगदान दे रहे हैं। यातायात सम्भालने के नाम पर लगाई गई ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों एवं व्यवस्था में लगे होमगार्ड को दिनभर जाम से जूझ रहे लोगों को निकालने के लिये खुद जूझते हुए देखे जा सकते है लेकिन मार्गो पर जाम की स्थिति बनने से रोकने के लिये कोई कारगर फार्मूला न होने के चलते सभी प्रयास निष्प्रभावी है। फुटपाथों पर अवैध पार्किंग एव ठेले खोमचे वालो व दुकानों के बाहर सजी हुई वस्तुओं से फुटपाथ पर पैर रखने की जगह न होने के चलते वाहनों एव पैदल यात्रियों के बोझ अकेले सड़क पर पड़ता है। शहर को जाम से मुक्त कराने के लिये पूर्व डीएम आंजनेय कुमार ने पहल करते हुए अतिक्रमण अभियान चलाकर फुटपाथ खाली कराया व सड़कों को जाम से मुक्त कराने का प्रयास किया था लेकिन पूर्व डीएम के जाते ही इनके प्रयासों को भी ताख पर रख दिया गया। अतिक्रमण के बाद खाली फुटपाथ पर अवैध पार्किंग व ठेले खोमचे वालो में कब्जा जमा लिया और शहर की सड़को पर जाम की समस्या से जस की तस बनी हुई है। शहर के रोजवेज बस स्टॉप, ज्वालागंज चौराहा, बाकरगंज, निबंधन कार्यालय, सदर अस्पताल तिराहा, पटेल नगर से आईटीआई रोड, वर्मा तिराहा, देवीगंज स्थित गाजीपुर बस स्टॉप, राधानगर जैसे मार्गो पर आम आदमी का निकलना हर समय दूभर रहता है। वाहनों के साथ जाम से आमजनमानस का निकल कर अपने-अपने गंतव्य तक जाना बेहद कठिन एवं एक चुनौती जैसा बनता जा रहा है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के आसार हैं, बर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय ठण्ड पड़ने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 22.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 8.2 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 53 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर का बेटा जम्मू कश्मीर के राजौरी आतंकी हमले में हुआ शहीद







**जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे**

कानपुर नगर। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गुरूवार रात हुए बड़े आतंकी हमलें में भारतीय सेना के 3 जवान शहीद हुए हैं और तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गये है आतंकियों द्वारा यह हमला वक्त किया गया जब भारतीय सेना की 48 आर आर बटालियन राजौरी के थानामंडी के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही थी, सर्च ऑपरेशन के दौरान रास्ते से गुजर रही जिप्सी व ट्रक पर अचानक आतंकवादियों ने हमला बोल दिया इस हमले में उत्तर प्रदेश कानपुर शहर के चौबेपुर भाऊपुर माधव सिंह के रहने वाले करन सिंह यादव भी शहीद हुए हैं, बीती रात जैसे 12 बजे करन के पारिवारिक जनों को करण के शहीद होने की सूचना मिली मानो उनके पैर के नीचे से जमीन खिसक गई हो। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है।

सूत्रों के मुताबिक करन 2013 में सेना में भर्ती हुए थे तब से पिछले 10 वर्षों से वे भारतीय सेना में अपने देश के लिए सेवाएं दे रहे थे, जानकारी के मुताबिक वर्तमान समय वे 48 आरआर बटालियन में लांस नायक के पद पर कार्यरत थे, परिवार में पिता बालक राम यादव किसान हैं मां सावित्री देवी, छोटा भाई अरुण, तीन बहने साधना, आराधना और सोनम, पत्नी अंजू दो बच्चे आर्य 6 वर्ष व 2 वर्षी बेटा आयुष है। घटना की सूचना मिलने के बाद से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है।

### पिता रामबालक बोले फरवरी में छोटी बेटी की शादी करने वाले थे करन

घटना के बाद से भाऊपुर गांव में मातम का माहौल है घर में आने जाने वालों का ताता लगा हुआ है। पिता रामबालक यादव ने रोते हुए बताया कि करन अपने परिवार के प्रति बहुत ही संवेदनशील थे। जब भी फोन पर बात करते थे तो यही बात होती थी कि अब की जब छुट्टी से लौटेगा तो छोटी बहनों आराधना और सोनम की शादी करनी है परिवार का सबसे बड़ा बेटा होने के नाते सरल एवं सौम्य स्वभाव था। घर का सबसे बड़ा बेटे होने का फर्ज हमेशा करन ने निभाया है।



# सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे चिकित्सीय सेवायें : कुलपति

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस और एसोसिएशन फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस यूपी, कानपुर के मध्य शुक्रवार को एक मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग स्थापित हुआ।

इस अवसर पर कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि इस एम.ओ.यू. के अंतर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में फिजियोथिरैपी, मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी, आप्टोमेट्री, रेडियोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं ह्यूमन न्यूट्रीशन के विद्यार्थियों को क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ मिलेगा व मरीजों के साथ उनका बेहतर ताल-मेल स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक भी आवश्यक चिकित्सीय सेवायें पहुंचाई जायें। एसोसिएशन फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस यूपी, कानपुर के सचिव विजय टण्डन ने कुलपति एवं उनकी टीम को ए प्लस प्लस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारी टीम स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के साथ मिलकर कुलपति की मंशा के अनुरूप कार्य करने का प्रयत्न करेगी। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि इस मेमोरेण्डम से जनसामान्य को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं का और अधिक विस्तार होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, विकास अवस्थी, शान्तनु रोहतगी द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए तथा संस्थान के निदेशक डॉ.दिग्विजय शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ.मुनीश रस्तोगी, डॉ.वर्षा प्रसाद, चन्द्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, डॉ.राम किशोर, हिना वैश, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, आकांक्षा बाजपेयी, उमेश कुमार मौर्या, डॉ.अनामिका दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# बुलेट से गांजा बेच रहे दो युवक संग महिलाएं गिरफ्तार

*** कल्याणपुर में गांजा बेच रहा तस्कर कौशल पुलिस की गिरफ्त से दूर**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




कल्याणपुर समेत आसपास के इलाकों में खुलेआम गांजा बिकने की सूचना पर गुरुवार को सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने मिर्जापुर इलाके के एक घर में छापेमारी की तो वहां हड़कंप मच गया पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ कर दो महिलाओ समेत दो युवक तस्करों को धर दबोचा है। इतना ही नहीं गिरोह के पास से पुलिस ने करीब साढ़े चार किलो गांजा 2लाख 43हजार रुपए बुलेट चेक बुक समेत अन्य सामान बरामद किया है पुलिस ने आरोपितों से पूछताछ कर उन्हें जेल भेज दिया है। एडीसीपी पश्चिम आकाश पटेल ने गांजा तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की एक टीम को सक्रिय किया था, मुखबिर के इनपुट के बाद पुलिस ने गुरुवार को मिर्जापुर स्थित एक घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बुलेट में बैठ गांजा बेच रहे दो तस्करों को पहले दबोचा और फिर घर से गंजा की सप्लाई कर रही दो शातिर महिलाओं को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम मिर्जापुर नई बस्ती निवासी सूरज सोनकर, विशाल सोनकर, अनीता सोनकर, व ज्योति धामा बताया है। गिरफ्तार करने में अहम भूमिका कल्याणपुर थाने के आवास विकास तीन चौकी इंचार्ज शैलेंद्र गिरि, उप निरीक्षक शिव प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह, उप निरीक्षक अवधेश सिंह, महिला उप निरीक्षक शिल्पी साहू, हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार, महिला आरक्षी उपासना मिश्रा, कांस्टेबल हरिओम, हेड कांस्टेबल सैयद मोहम्मद इमरान, कांस्टेबल अवधेश, कांस्टेबल संजय, कांस्टेबल धर्मेंद्र की रही है।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का किया स्वागत




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर दक्षिण जिले के निर्देशानुसार शुक्रवार को वार्ड 38 बारादेवी मंदिर मैदान व वार्ड 84 सद्भावना पार्क जूही लाल कालोनी में निराला नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची। जिसका भाजपा एवं विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता एवं जनता के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया व आवास योजना की चाभी दी गई। कार्यक्रम में केंद्र सरकार से आए प्रतिनिधि सी.पी.मिश्रा, सांसद सत्यदेव पचौरी, किदवई नगर विधानसभा विधायक व पूर्व मंत्री महेश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, भूपेश अवस्थी, विनोद कुमार मिश्रा, पार्षद हरस्वरूप तिवारी, अमित जायसवाल, वार्ड अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, ललित किशोर शुक्ला सहित जिले व मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किशोरी से छेड़छाड़ पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रावतपुर थाना क्षेत्र के मस्वानपुर रहने वाली एक किशोरी को दो युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए और उसके साथ अश्लील हरकत की बाद में आरोपी किशोरी को छोड़कर भाग गए जब किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई तो मामला पुलिस के पास पहुंचा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

रावतपुर कोतवाली में दी गई तहरीर में किशोरी ने बताया कि स्कूल जाते समय दो युवक कई दिनों से उसे रास्ते में परेशान कर रहे थे। किशोरी ने दोनों की हरकतों का विरोध किया, लेकिन दोनों नहीं माने बताया की छोटू ने मंगलवार की शाम वह फोन कर मनीषा जनरल स्टोर बुलाया। इसी बीच कैलाश नगर उसे बहला फुसला कर लेकर चले गये और कैलाश नगर में एक गैराज में रखे थे विरोध करने पर आरोपियों ने बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी, दोनों आरोपी उसे मस्वानपुर के निकट छोड़कर भाग गए। घर पहुंचने पर किशोरी ने दोनों युवकों के बारे में परिजनों को जानकारी दी। परिजन किशोरी को लेकर पुलिस के पास पहुंचे। रावतपुर थाना पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ज्ञान, कौशल और योग्यता में वृद्धि कर बनें उद्यमी




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-बिजनेस मैनेजमेन्ट विभाग के 03 दिवसीय ओरिटेंशन कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को विश्व विद्यालय के स्कूल आफ बिज़नेस मैंनेजमेंट विभाग के सहायक आचार्य डॉ.विवेक सिंह सचान द्वारा एक्सपर्ट व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉ.पी.के. उपाध्याय ने सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सतत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। डॉ.विवेक सिंह सचान ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं से कहा कि हमें अपने लक्ष्य का अपनी क्षमताओं के अनुसार निर्धारण कर सफलता के लिए प्रयास करना चाहिए। हमे अपने ज्ञान, कौशल और योग्यता में वृद्धि करते हुए न केवल नौकरी पाने का प्रयास करना चाहिए बल्कि उद्यमी बनकर दूसरों को नौकरी देने का भी प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ.पी. के. उपाध्याय, सी.एस.ए. के ए.बी.एम.विभाग के डॉ.अंशु सिंह सेंगर, डॉ.नीतू, डॉ.विवेक कटियार, डॉ. सौरभ सोनकर व सभी छात्र मौजूद रहे।

# बुजुर्ग महिला ने खुद को गोली मारकर जान देने का किया प्रयास

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर नगर। काफी समय से अवसाद में चल रही सूटरगंज निवासी कारोबारी की बुजुर्ग पत्नी ने शुक्रवार दोपहर पति की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर जान देने का प्रयास किया। हालांकि गोली सिर को छूते हुए निकल गई शोर सुनकर दौड़े पति और भतीजे ने खून से लथपथ हालत में एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया है। इलाकाई लोगों की सूचना पर एसीपी कर्नलगंज और ग्वालटोली थानाध्यक्ष ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

ग्वालटोली सूटरगंज निवासी अहमद उल्ला स्टीम बायलर का कारोबार करते थे उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए उन्होंने इसका व्यापार बंद कर दिया था। परिवार में 66 वर्षीय पत्नी शाबिया खान, दो बेटे और एक बेटी है। दोनों बेटे विदेश में रहते हैं जबकि बेटी की शादी हो चुकी है। पिछले कुछ सालों से शाबिया अवसाद में चल रही है जिनका इलाज भी चल रहा है। शुकवार दोपहर करीब तीन बजे अचानक शाबिया ने पति के 32 बोर की लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी में बांई ओर गोली मारकर जान देने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान गोली सिर को छूती हुई निकल गई और वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ीं। शोर सुनकर पति अहमद उल्ला और भतीजे सलमान दौड़े और तुरंत उन्हें एलएलआर अस्पताल में न्यूरोसर्जरी के विभागाध्यक्ष डा. मनीष के अंडर में भर्ती कराया। इलाकाई लोगों की सूचना पर ग्वालटोली थानाध्यक्ष पवन ने घटनास्थल पर निरीक्षण करने के बाद एलएलआर अस्पताल पहुंचे। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाने के साथ ही रिवाल्वर को कब्जे में लिया है। पति ने बताया कि वह काफी समय से अवसाद में चल रही थीं।

# गोल्डी मसाले के अमृत महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




**कानपुर नगर।** प्रदेश, देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य मसालों के सरताज के नाम से विख्यात गोल्डी उद्योग समूह का अमृत महोत्सव वितरक महासमागम एवं लकी ड्रा आयोजन शुक्रवार को कानपुर के होटल लिटिल शेफ के लीला हॉल में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री द्वारा गणेश पूजन एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने सम्बोधन में ब्रजेश पाठक ने गोल्डी की क्वालिटी एवं नीतियों की सराहना करते हुये प्रतिष्ठान की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। उन्होंने अपने सम्बोधन में महिलाओं के किचन हेतु गोल्डी ग्रुप द्वारा नित्य नये उत्पाद प्रस्तुत करने की पहल की सराहना की।

कम्पनी के संस्थापक निदेशक सुरेन्द्र गुप्ता जी कार्यक्रम में पधारे सभी आगन्तुको को स्वागत करते हुये अपने वक्तव्य में कहा कि गोल्डी की प्रगति में हमारे वितरकों, विक्रेताओं, ग्राहक, सप्लायर्स और कर्मचारियों आदि सभी का पूरा सहयोग मिला है, तभी गोल्डी ग्रुप के उत्पाद कानपुर जैसे शहर से निकलकर अपनी पहचान राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में सफल रहे हैं।

कम्पनी के निदेशक आकाश गोयनका ने बताया कि कम्पनी शीघ्र ही अपनी नई ईकाई से उत्पादन क्षमता को चार गुना करने जा रही है, जिससे बाजारों में गोल्डी उत्पादनों की उपलब्धता को और विस्तार मिलेगा। वर्तमान मार्केट को ध्यान में रखते हुए कम्पनी ने अपनी अचार व पास्ता की रेन्ज के साथ-साथ अब सॉस की पूरी रेन्ज की पैकिंग में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। अपने सम्बोधन में निदेशक शुभम् गुप्ता जी ने बताया कि गोल्डी उद्योग समूह, जो कि आईएसओ 22000:2018 प्रमाणित है, को कई बार केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

# श्री महाराज अग्रसेन वंशज सभा का परिचय सम्मेलन कल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्री महाराज अग्रसेन वंशज सभा द्वारा अग्रवाल विवाह योग युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन कल रविवार को सिविल लाइन स्थित राम कृपा लॉन में किया जायेगा, इसकी जानकारी वार्ता के दौरान अग्रसेन वंशज सभा के पदाधिकारियों द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान दी गयी। वार्ता में बताया गया कि यह मंच एक ऐसा माध्यम हैं जिसमें किसी प्रकार की हीनता कन्याओं और युवाओं के साथ अभिभावकों को नही होती। बताया इस वर्ष सभा द्वारा निर्णय लिया गया है कि सर्व वैश्य समाज की कन्याओं को परिचय सम्मलेन में शामिल किया जायेगा, जिससे उनकी वैवाहिक समस्याओं का निदान होगा। कहा कि समाज में हमारे इस प्रयास को सराहा गया है और परिचय सम्मेलनों के द्वारा परिवारों को पूर्ण लाभ मिलता रहा है और अब जागरूकता बढ़ती जा रही है। सभा द्वारा तय हुए जोड़ों के लिए सामूहिक विवाह की बाध्यता नही है, जो अभिभावक सामूहिक विवाह के इच्छुक होते है उनका विवाह सभा द्वारा आगामी 28 जनवरी 2024 को किया जायेगा। वार्ता में गोविन्द्र प्रसाद अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, मधुप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### दो डंपरों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कोहरा धीरे-धीरे अपना असर दिखा रहा है और रोड पर चलने वालों वाहनों के लिए अब यह घातक होता जायेगा, थाना बिधनू क्षेत्रान्तर्गत शुक्रवार की सुबह एक मार्ग दुघर्टना में दो डंफर की आमने-सामने की हुई जोरदार टक्कर में डंफर चालक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद डंफर से निकाला जा सका, जिसके बाद उसे सीएचसी पहुंचा गया, जहां से उसे हैलट रिफर कर दिया गया, वहीं क्लीनर का प्राथमिक उपचार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बिधनू क्षेत्र के कठारा गांव निवासी रमेश सैनी का पुत्र डफंर चालक है। रमेश ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने साथी तरगांव निवासी रामचंद्र के साथ डंफर लेकर हमीरपुर की ओर से कानपुर की ओर जा रहा था। बताया कि जैसे वह जहागीराबा बाद स्थित पावर हांउस के पास पहुंचे वहां सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गयी, जिसमें चालक व क्लीनर दोनो ही घायल हो गये। घायल चालक को बमुशिकिल किसी प्रकार गाडी से बाहर निकालकर उसे पतारा सीएचसी भेजा गया जहां से गंभीर अवस्था में उसे हैलट रिफर कर दिया गया तो वहीं घायल क्लीनर का प्राथमिक इलाज करके उसे घर भेज दिया गया। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गयी।


### सूचना

मैंने अपने पुत्र फकरे आलम उर्फ अस्सू वा पुत्रवधू श्रीमती मुस्कान के क्रियाकलापों से छुब्ध होकर समस्त प्रकार से संबंध विच्छेद कर इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है यह दोनों अपने द्वारा किए गए किसी भी कृत्य लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा वह मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा

**सूचनाकर्ता**
**मो. आलम पुत्र गरीबे शाह निवासी मकान नंबर 9/20 बकरमंडी तकिया अल्ला बक्स कानपुर नगर**


### मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर किया एलान, शहीद के परिवार को 50 लाख के साथ मिलेगी सरकारी नौकरी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट के माध्यम से ये ऐलान किया है जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकी हमले में शहीद हुए करन सिंह के परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता के साथ-साथ परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी व अमर शहीद करन सिंह के नाम से क्षेत्र में एक सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने अपने कर्तव्य पालन में शहीद हुए करन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने यह भी कहा की उत्तर प्रदेश सरकार शहीद के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री के निर्देश देर रात मंत्री राकेश सचान प्रतिभा शुक्ला, को शहीद के परिवार को धैर्य बधाने के लिए गांव भेजा है। पूरे दिन भर सभी राजनीतिक पार्टियों का शहीद के घर पर आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी पूरे दिन शहीद के परिवार को धैर्य बंधाते हुए नजर आए।

# आने वाले दिनों में बढ़ेगी सर्दी, कोहरे से रहें सावधान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में शुक्रवार की सुबह गलन वाली ठंड एयर कोहरे के साथ हुई जहाँ एक ओर सुबह अपने दैनिक कार्यों के लिए निकलने वाले लोगों को कोहरे के कारण सड़को में परेशानी हुई, तो वहीं रोड़ किनारे के होटलों में लोग चाय की चुस्की के साथ अलाव तापते दिखाई दिए। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले दिनों के कोहरे का कहर बढ़ेगा साथ ही द्रष्ट्या भी कम होगी, जिससे सुबह और शाम को वाहन चालकों को परेशानी होगी। अगले सप्ताह पारा और नीचे जाएगा साथ ही शीत लहर का भी प्रकोप बढ़ेगा।

बीते पांच दिनो से सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है, साथ ही पारा भी तेजीसे निचले इस्तर तक पहुंच रहा है, गलन बढ़ने के साथ साथ वातावरण में नमी का भी प्रतिशत बढ़ा है। जहाँ दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है तो रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के नीचे का पहुँचा है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले सप्ताह में ठंड और बढ़ेगी, साथ ही कोहरा भी जन-जीवन को प्रभावित करेगा। शुक्रवार की बीती रात जहाँ रात का तापमान 6.7 रिकार्ड किया गया, वहीं दिन का तापमान भी 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। उत्तर पश्चिमी 3 किलोमीटर प्रति घंटे से चलने वाली हवाएं लोगो मे सिरहन पैदा करती रहीं। आने वाले दिनों में आसमान पर बदल छाये रहने के साथ रात के तापमान में तेजी से गिरावट की संभावना व्यक्त की गई है। कोहरे के साथ प्रदूषण से बढ़ी सांस के मरीजों को परेशानी एक ओर वातावरण में कोहरे के प्रभाव बढ़ रहा है, तो इसके साथ ही नगर में प्रदूषण भी तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को कानपुर के चुन्नीगंज व बड़ा चौराहा क्षेत्र में प्रदूषण की अधिकता पाई गई। प्रदूषण और कोहरे के कारण दमा के मरीजों की परेशानी भी बढ़ने लगी है, वातावरण में सांस लेने में दिक्कत पैदा कर रही हैं। डॉक्टरों की माने तो रोगियों को इस मौसम में खास सावधानी बरतनी आवश्यक है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 11°C |
| कानपुर | 24°C | 11°C |
| देहरादून | 20°C | 09°C |
| नई दिल्ली | 22°C | 08°C |

# ललितपुर के पांच गांवों की कुल 1472 एकड़ भूमि पर बल्क ड्रग पार्क का होगा निर्माण : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक उन्नति को नए आयाम देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए जिन सेक्टर्स में सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है उसमें उद्योग प्रमुख है। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास पर फोकस कर रही है। उल्लेखनीय है कि ललितपुर के कुल 5 गांवों में 1472 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क में दो फेज में विकास का खाका खींचा गया है। ऐसे में, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को बदलने, देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की धाक जमाने के साथ ही जेनरिक दवाओं के उत्पादन हब के तौर पर ललितपुर के विकास का रास्ता साफ हो गया है। सीएम योगी की मंशा अनुसार, परियोजना के अंतर्गत फेज-1 में 300 एकड़ भूमि के डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराकर विकास कार्यों की शुरुआत की जाएगी। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विस्तृत कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए अब उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने की प्रारंभ कर दी है।

## बुनियादी विकास के लिए कई मानकों पर होगा काम

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए फेज-1 में यूपीसीडा डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के लिए कंसल्टेंसी फर्म को कार्य आवंटित करेगा। इस कड़ी में, यूपीसीडा द्वारा नेशनल कॉम्पिटीटिव बिडिंग (एनसीबी) के जरिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) व रिक्वेस्ट फॉर क्वॉलिफिकेशन (आरएफक्यू) प्रक्रिया के जरिए आवेदन मांगे हैं। जिन फर्म्स द्वारा कार्य आवंटन के लिए आवेदन किया जाएगा उन्हें तीन स्तरीय निर्धारण प्रक्रिया से गुजरना होगा। इस निर्धारण प्रक्रिया का पहला फेज प्री बिड, दूसरा फेज फाइनेंशियल व तीसरा फेज टेक्निकल बिड होगा। कार्य प्राप्त करने वाली कंसल्टेंसी फर्म को फेज-1 में 300 के निर्धारित क्षेत्र में अवसंरचनाओं के विकास के लिए डीटेल्ड मास्टर प्लान बनाना होगा। इसके अतिरिक्त, यहां लगने वाले संयंत्रों के उचित संचालन के लिए कई मानकों का निर्धारण भी करना होगा।

### भू-तकनीकि आंकलन के साथ ही बाजार की संभावनाओं पर भी रखनी होगी नजर

फार्मा/बल्क पार्कों के प्रमुख पहलुओं को समझने के लिए रिसर्च व सर्वे प्रक्रिया को पूर्ण करने, वाणिज्यिक, सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक सुविधाओं के तहत क्षेत्र का विकास करने, नदियों और ऊंचे तटबंधों पर प्रस्तावित पुलों/राजमार्ग संरचनाओं के लिए भू-तकनीकी व उप-सतह अन्वेषण तथा सॉयल सैंपलिंग जैसी प्रक्रियाओं को पूर्ण करना होगा। इतना ही नहीं, यहां बनने वाले संभावित उत्पादों की विकास संभावनाओं व बाजारों के संदर्भ में मांग का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करना होगा।

### भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पर हो रहा है काम

ललितपुर में ड्रग पार्क के तहत जो भूमि चिह्नित की गई है उसमें में 5 गांवों के अंतर्गत जो 1400 एकड़ की भूमि सम्मिलित है। इसमें से मडावरा तहसील के तहत आने वाले सैदपुर में 426 व गडोलीकलां में 249 एकड़ तथा महरौनी तहसील के तहत आने वाले लरगन में 239, करौंदा में 116 एकड़ व रामपुर में 441 एकड़ चिह्नित भूमि मुख्य है। ऐसे में, यूपीसीडा द्वारा यहां कुल भूमि सर्वेक्षण में आधुनिक सर्वेक्षण तकनीकों (जैसे डिजिटल टोटल स्टेशन, डीजीपीएस, ड्रोन आदि) का उपयोग करके 1:4000 पैमाने में मानचित्र तैयार कराया जा रहा है। यह सर्वे ऑफ इंडिया के ग्रेट ट्रिगोनोमेट्रिक सर्वे लेवलिंग बेंचमार्क के आधार पर होगी। वहीं, निरीक्षण स्थल पर डीजीपीएस का उपयोग करके ग्राउंड कंट्रोल नेटवर्क की स्थापना समेत तमाम कार्यों की पूर्ति के लिए प्रक्रिया जारी है।

# सीएम योगी से मिले ओमप्रकाश राजभर

## राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा हुई। साथ ही, उन्होंने इटावा के सैफई तहसील के गांव रणवीर नगर में बंजारा जाति के 2500 लोगों की समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर के मुताबिक सुभासपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि भर, राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए 17 जिलों का सर्वे कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट सरकार के पास है। इसे जल्द केंद्र सरकार को सौंपा जाना है। लोकसभा चुनाव से पहले भर/राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की संभावना है। भर, राजभर जाति यूपी में पिछड़ा व विमुक्त जाति में तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध है। विमुक्त जाति की क्रम संख्या 1 से 19 में से क्रम संख्या 17 पर अंकित भर जाति को छोड़कर सभी जातियों को या तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए अष्टम विधानसभा की याचिका समिति द्वारा सिफारिश की गयी है। वहीं, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया आदेश में भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए दो माह के अंदर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने का दोबारा आदेश दिया गया है। अरुण राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस दिशा में कार्य कर रहे हैं, वह सुभासपा के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने वाली है।

# रकम लेकर फ्लैट न देने पर अंसल पर तीन गुना जुर्माना, राज्य उपभोक्ता आयोग का फैसला



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

फ्लैट की कीमत लेकर आवंटन न करना रीयल इस्टेट कंपनी अंसल को भारी पड़ गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने अंसल को मूल रकम 17 लाख रुपये के अलवा उस पर नौ साल का ब्याज और 15 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश सुनाया। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और सदस्य राजेन्द्र सिंह ने की। अमेठी निवासी आशीष कुमार सिंह और भावना सिंह ने उपभोक्ता आयोग में अंसल प्रापर्टीज के खिलाफ वाद दायर किया था। उनका कहना था कि सुशांत गोल्फ सिटी में पाइनवुड अपार्टमेंट में फ्लैट बुक किया था। इस संबंध में छह मार्च 2014 को एग्रीमेंट किया गया था। छह साल पूरा होने के बाद भी फ्लैट का कब्जा नहीं मिला। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने अंसल प्रापर्टीज के खिलाफ फैसला दिया कि वादी को 17.15 लाख रुपये भुगतान की तारीख से 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ अदा करें। ये रकम करीब 21 लाख रुपये अतिरिक्त होती है। इसके अलावा अत्यधिक विलंब के लिए पांच लाख, मानसिक अवसाद के लिए पांच लाख और सेवा में कमी के लिए पांच लाख यानी कुल 15 लाख रुपये कंपनी को देना होंगे। ये भुगतान 60 दिन के अंदर करना होगा।

# एक डॉक्टर के नाम पर कई अस्पताल चलाने वालों पर कसेगा शिकंजा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



एक डॉक्टर के नाम पर कई अस्पताल चलाने के मामले में शासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब सभी निजी अस्पतालों को बोर्ड पर डॉक्टरों से लेकर स्टाफ नर्स तक के नाम लिखने होंगे। जिन्होंने नहीं लिखा है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएमओ से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, विभिन्न क्षेत्रों में एक ही डॉक्टर द्वारा चार से पांच अस्पतालों में कार्य करने की शिकायतें मिल रही हैं। कई ऐसी भी शिकायतें आई हैं, जिसमें डॉक्टर का सिर्फ नाम होता है, जबकि निजी अस्पताल में सर्जरी कोई और करता है। ऐसी शिकायतों के मद्देनजर सभी अस्पतालों को डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट के नाम, पंजीयन और वहां होने वाली जांच सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद भी ज्यादातर अस्पतालों में डॉक्टरों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस पर स्वास्थ्य महानिदेशालय ने सभी सभी डीएम एवं सीएमओ को नए सिरे से निर्देश दिए हैं कि पंजीकृत हर अस्पताल की जांच की जाए। जो भी अस्पताल पंजीकृत हैं 45 दिन के अंदर उसका नाम, पता, स्वामित्व प्रभारी का नाम, उपचार की पद्धति, डॉक्टर, नर्स और फार्मासिस्ट का नाम, उसकी पंजीयन संख्या आदि अस्पताल परिसर में 15 वर्गफुट के बोर्ड पर लगाया जाए। इसे एनआईसी पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए।

## बोर्ड लगाने की होगी रैंडम जांच

यह भी निर्देश दिया गया है कि संबंधित जिले में अस्पतालों की सूची तैयार कराकर मुख्यालय भेजी जाए। सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि उनके जिले में शत प्रतिशत अस्पतालों में डिस्प्ले बोर्ड लग गया है। सीएमओ से आने वाली रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जिलों में मुख्यालय की टीम रैंडम जांच करेगी। जिन अस्पताल का नाम सूची में होगा और वहां जांच के दौरान बोर्ड नहीं मिला तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अब तक खरीदा गया 2.90 लाख मीट्रिक टन मोटा अनाज

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के साथ ही मोटे अनाज की खरीद को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मोटे अनाज श्री अन्न की खरीद हेतु बाजरा 5 लाख मीटन,मक्का-0.50 लाख मीटन, ज्वार-0.30 लाख मीटन खरीद का क्रय लक्ष्य निर्धारित किया। इसके तहत प्रदेश के 40 बाजरा खरीद वाले जनपदों में अब तक 52170 किसानों से 2.75 लाख मीटन बाजरा खरीद की गयी है तथा कृषकों को 62760.19 करोड़ रूपये का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है।

# लखनऊ की एक बुजुर्ग महिला कोरोना संक्रमित पाई गई, स्वास्थ्य विभाग सतर्क

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

* जो महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है वो महानगर के आलमबाग की रहने वाली है
* प्रदेश भर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 7 तक पहुंच गया
* गाजियाबाद और नोएडा में पहले से ही कोरोना संक्रमित मरीज पाए जा चुके हैं

**लखनऊ।** केरल और देश के अन्य हिस्सों की तरह ही अब राजधानी लखनऊ में भी कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। गुरुवार को एक बुजुर्ग महिला की तबीयत खराब होने उसका कोरोना टेस्ट कराया गया। टेस्ट रिपोर्ट में महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। प्रदेश भर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 7 तक पहुंच गया है। हालांकि शासन का कहना है कि कोरोना का सब वेरिएंट जानलेवा नहीं है। इसलिए घबराने की नहीं, मास्क लगाने व अन्य कोरोना प्रोटोकॉल जैसी सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रदेश के गाजियाबाद और नोएडा में पहले से ही कोरोना संक्रमित मरीज पाए जा चुके हैं। लखनऊ में जो महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है वो महानगर के आलमबाग की रहने वाली है। यहां श्रृंगार नगर इलाके में रहने वाली बुजुर्ग महिला संक्रमित पाई गई है।

### महिला एक हफ्ते पहले ही थाइलैंड से वापस आई है

महिला के करीबियों से मिली जानकारी के अनुसार महिला एक हफ्ते पहले ही थाइलैंड से लखनऊ आई है। 75 साल की महिला को सर्दी और बुखार होने पर कोरोना टेस्ट कराया गया। टेस्ट होने के तीन बाद उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसके बाद गुरुवार को उसके संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

### नोएडा में भी मिला मरीज नेपाल से लौटा था

लखनऊ के अलावा नोएडा में भी एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है। बताया जाता है कि संक्रमित व्यक्ति करीब एक सप्ताह पहले नेपाल से लौटकर आया है। तबीयत खराब होने पर जब उसकी जांच कराई गई तो कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। व्यक्ति को होम आइसोलेशन में रखा गया है।



### हालात पूरी तरह से काबू में : ब्रजेश पाठक



कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा, कोरोना के नए वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। उत्तर प्रदेश सभी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। प्रदेश में कोविड का नया सब वेरिएंट पूरी तरह से काबू में है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से तैयार है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर टेस्ट कराए जा रहे हैं।

# सुशासन का आधार है जनकल्याण : प्रो आर के मिश्रा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शुक्रवार को बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के लोक प्रसाशन विभाग में 'सुशासन के नए संदर्भ ' नामक विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के प्रोफेसर आर के मिश्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ ओ पी बी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर और अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया विभागाध्यक्ष ने अध्यक्षता के दौरान कहा कि सुशासन कोई नवीन विचारधारा नहीं है अपितु यह तो हमारी सांस्कृतिक विरासत रही है। मुख्य अतिथि प्रो मिश्रा ने कहा कि सुशासन वही है जहां की शासन व्यवस्था जनकल्याण पर आधारित हो। उन्होंने सुशासन के कुछ आधारस्तम्भ भी बताये जैसे कि सुशासन तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब उसमें कानून का शासन हो, पारदर्शिता हो, सबकी सहभागिता हो,लोगों की सहमति हो। कार्यक्रम का संचालन और मुख्य अतिथि का परिचय सहायक आचार्य डॉ विभूति नारायण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिल प्रकाश शुक्ला ने किया 7 इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ प्रवीण कुमार , डॉ अनिल कुमार , शोध छात्र प्रवीण , विन्द्रसेन, चंदन, मंगल, रवि ,निधि, दीपांशी और पारुल तथा विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं एवं ऑफिस स्टाफ अमर एवं शिवम भी उपस्थित रहे।



# रामपुर बेहड़ा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

* विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का किया बखान

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा के रामपुर बेहड़ा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम में ग्राम वासियों को केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी विधायक योगेश शुक्ला ने विस्तार पूर्वक दिया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं ने कई कार्यक्रम का अवलोकन किया। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष इटौंजा राजू कश्यप, ग्राम प्रधान सर्वेश कुमारी, संजेश सिंह, छेदटू लाल, सभी प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीण मौजूद रहें।

# लखनऊ में सड़क निर्माण हेतु 2193.85 लाख मंजूर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023.24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत लखनऊ में सड़क निर्माण से सम्बन्धित कार्यों हेतु 2193.85 लाख रूपये मंजूर किये है। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी लखनऊ के निवर्तन पर रखी गयी है। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। नियोजन विभाग ने इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार मंजूर की गयी धनराशि से गणेशगंज बंशीरतगंज वार्ड सआदतगंज वार्ड जेसी. बोस वार्ड जानकीपुरम प्रथम वार्डए मौलवीगंज वार्ड गुरूनानक नगर वार्ड यहियागंज नेता जी सुभाष चन्द्र वार्ड मालवीय नगर वार्ड आचार्य नरेन्द्रदेव वार्ड फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड केसरीखेड़ा वार्ड इस्मालगंज वाड.2 शहीद भगत सिहं वार्ड एवं साउथ सिटी जी ब्लाक आदि स्थलों पर डामरीकरण इण्टर लाकिंग एवं सीसी सड़क व नाली निर्माण का कार्य किया जायेगा।

# सावधान! हाईवे पर खड़ी गाड़ियां बन रहीं मौत की वजह

* सीतापुर रोड एनएच 24 के मुख्य मार्ग पर ट्रकों का कब्जा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



हाईवे हों या दूसरी सड़कें, जहां-तहां सड़क किनारे खड़े वाहन अक्सर मिल जाते हैं। दूर से ये नहीं पता चल पाता है कि वाहन चल रहा है कि रूका है। जब तक आगे वाले वाहन के करीब पीछे की गाड़ी पहुंचती है, तब तक देर हो जाती है और लोग बेवक्त मारे जाते हैं। इटौंजा एनएच 24 हाइवे मार्ग पर तीव्र गति से चलने योग्य बनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है, लेकिन जान का जोखिम भी बढ़ गया है। हाइवे पर चलने वाले माल भरे हुए ट्रक हो या अन्य कोई वाहन चालक की लापरवाही से दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं।सीतापुर रोड एनएच 24 के मुख्य मार्ग व इटौंजा से कुर्सी मार्ग पर ट्रकों का कब्जा है। कार्रवाई न होने से चौबीस घंटे सड़क के दोनों ओर ट्रक व भारी वाहनों का मेला लगा रहता है। सड़क किनारे चालक अपने वाहन अक्सर रात में बेतरतीब खड़ा कर देते हैं, जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान भी बड़ी संख्या में जा रही है। पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहन खड़े वाहन में टकरा जा रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं हो चुकीं, लेकिन लापरवाह वाहन चालकों पर आज तक लगाम नहीं लग सकी।

# बीकेटी में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस, गणित ज्ञान की ऊँचाइयों का समर्पण




जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी के तालाब में स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में तीनों मुख्य अतिथियों, डॉ. चिंतामणि तिवारी, डॉ. शुभाष कुमार यादव, और डॉ. करुणेश कुमार सिंह ने भारतीय गणितीय जगत को समानतात्मक दृष्टिकोण से देखने का समर्पण किया। वहीं डॉ. चिंतामणि तिवारी ने अपरिपूर्ण समांतर गणना के बारे में बताया और इसे एक निर्दिष्ट ऐंतरफलकी है जिसमें सीमाएं अनंत या उनमें से कम होती हैं, या जिसका अंशग्राहक एक या एक से अधिक स्थानों पर अनंत की ओर बढ़ता है।राष्ट्रीय गणित दिवस के मौके पर छात्रों ने गणित के आधार पर पोस्टर और रंगोली बनाईं, जो छात्रों के प्रयासों को प्रमोट करने के लिए संगठन के उपाध्यक्ष श्री पीयूष सिंह चौहान ने सराहा और उन्हें गणित की महत्वपूर्ण बातें चर्चा करने का समर्थन किया। संस्थान के अध्यक्ष पवन सिंह चौहान ने कहा, ÷गणित की खोजें ने भारत को विश्व में एक अच्छी स्थिति प्रदान की हैं हमारे बच्चे भी रामानुजन की तरह अनुसंधान करें और हमारा नाम रोशन करें, साथ ही अपने माता-पिता और अपने देश का नाम भी रोशन करें।

# जनजाति विकास विभाग के कर्मियों की संविदा राशि में संशोधन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाज कल्याण विभाग से अलग हुए जनजाति विकास विभाग के संविदा कर्मचारियों की संविदा राशि मे संशोधन का प्रकरण विचाराधीन चल रहा था। वित्त विभाग ने 20 दिसंबर को जनजाति विकास विभाग के संविदा कर्मियों के संविदा राशि में संशोधन पर अपनी सहमति की मोहर लगा दिया था। वित्त विभाग की अनुमति के पश्चात 6 मार्च 2023 के शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार वेतन का निर्धारण करते हुए जनजाति विकास विभाग के संविदा कर्मियों को संशोधित संविदा राशि का लाभ मिल गया है। जनजाति विकास विभाग के कर्मियों के इस आदेश के लिए संयुक्त परिषद अध्यक्ष जेएन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर हरिओम, अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉक्टर देवेश चतुर्वेदी एवं अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार का आभार व्यक्त किया है। आज लखनऊ में जारी संयुक्त परिषद के अनुसार 22 दिसंबर को निर्गत किए शासनादेश के अनुसार जनजाति विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रवक्ताओं का वेतन अब 47600 के स्थान पर 67592 हो गया है। सहायक अध्यापक का वेतन 44900 से बढ़कर 63758 हो गया है, फार्मासिस्ट एवं नर्स को भी अब 29200 की स्थान पर 41464 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# उत्तर प्रदेश: कैसे बना भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**केंद्र सरकार के द्वारा चिन्हित किए गए 43 सेंटर ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस हैं। इनमें 12 सेंटर अकेले उत्तर प्रदेश में हैं जो इस प्रदेश के निर्यात सामर्थ्य को बताते हैं। उत्तर प्रदेश चारों तरफ से स्थलीय एवं पहाड़ी सीमाओं के बीच स्थित है। सामान्यतया निर्यात प्रोत्साहन हेतु समुद्री सीमा किसी भी प्रदेश को बेहद महत्वपूर्ण बना देती है लेकिन उत्तर प्रदेश के पास कोई समुद्री सीमा न होते हुए भी 12 सेंटर ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस की मौजूदगी प्रदेश सरकार के विकास के संकल्प को स्वयं बताती है। जल मार्ग से सस्ते यातायात का लाभ तटीय प्रदेशों को मिलता है।**

*योगी ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है। विश्लेषण मंच एसओआईसी के अनुसार सेंसेक्स तथा क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया आधारित रिपोर्ट्स के हिसाब से देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में उत्तरप्रदेश दूसरे स्थान पर आ गया है। यह परिणाम योगी सरकार द्वारा किये जा रहे अहर्निश, ईमानदार एवं अनथक प्रयासों का परिणाम है। देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तरप्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। आइये जानते हैं कि योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से 7 साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। घरेलू बाजारों की मांग एवं क्रय शक्ति सीमित होती है जो एक सीमित राजस्व ही पैदा करने में सक्षम होती है। एक्सपोर्ट के माध्यम से एक विशालकाय बाजार के साथ अच्छे लाभ एवं राजस्व प्राप्ति का रास्ता भी खुलता है। योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले। योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले 6 वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो की डाटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड रुपए का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ का हो गया है। वित्तवर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा 2 लाख करोड़ के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह सूचनाएं सिद्ध करती हैं कि कभी बीमारू राज्य का टैग लेकर घूमने वाला उत्तर प्रदेश योगी सरकार के क्रांतिकारी नीतियों के कारण भारत का नया एक्सपोर्ट हब बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश का 60 प्रतिशत निर्यात दुनिया के 10 देशों, वियतनाम, नीदरलैंड, फ्रांस, चीन, मिश्र, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम तथा जर्मनी को होता है। 2022-23 में सबसे अधिक निर्यात 32,800 करोड़ अमेरिका को, 14,300 करोड़ संयुक्त अरब अमीरात को तथा लगभग दस-दस हज़ार करोड़ जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम को हुआ। उत्तर प्रदेश से वर्तमान में सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कॉटन, कृत्रिम फाइबर आदि के साथ गेहूं, चावल, कालीन एवं हस्तशिल्प भी महत्वपूर्ण निर्यात सामग्री है। परंतु चौंकाने वाली बात यह है कि इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं उत्तर प्रदेश के संपूर्ण निर्यात का 18.9 प्रतिशत है इसके बाद कपड़ा उद्योग 9.5 प्रतिशत का योगदान करता है। केंद्र की मोदी सरकार ने राज्यों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए देशभर के कुछ महत्वपूर्ण शहरों को सेंटर ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस घोषित किया है जिससे कि निर्यात को एक समेकित विकास में सम्मिलित किया जा सके। एक्सपोर्ट एक्सीलेंस वाले शहरों में ऐसे शहरों को चयनित किया जाता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गए। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परंपरा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानों कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभाविक ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानों को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था।**

# चौधरी चरण सिंह जयंती: किसानों की बुलंद आवाज




रमेश सर्राफ धमोरा

**किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।**

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसीलिए देश के लोगो का आज भी मानना है कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। उन्होंने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके, इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का संपूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहांत हुआ तो देश के किसानों ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलंद करते हुए आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अंत ही देश को आगे ले जा सकता है। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर,1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारंभ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिंडन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हें 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किए गए। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुख-दर्द को नजदीक से देखा-जाना था। इसलिए उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केंद्र व राज्य सरकारें भी किसानों के भले की योजनाएं बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानों को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानों की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानों को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानों की आवाज बुलंद कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिए देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होंने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था। चौधरी को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर संपूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होंने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी। किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केंद्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केंद्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की।

जयंती विशेष



**किसानों के बड़े नेता द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को देखते हुए वर्षों पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिए था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते अभी तक उनको उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। नरेन्द्र मोदी सरकार को चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चे किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए।**

### एक्सप्रेस कविता

*रिश्ते अपने रिश्तों से दूर होने लगे है,*
*क्यों लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं द्य*
*दुश्मनो से दोस्त कर रहें है गुजारिश,*
*भोले चेहरे कितने मगरूर होने लगे है।*
*ज़माने की कैसी हो गई फितरत,*
*भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।*
*आजमा कर देख,बेदर्द ज़माने को,*
*चेहरे पर कई चेहरे,जरूर होने लगे है।*
*नाते,रिश्ते सब अजब मायाजाल,*
*सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।*
*तमन्नाये न रख सुनहरे पंखों की अब,*
*सारे सपने अब चूर चूर होने लगें है।*
*फकीरी,शायरी हमारी हमसफर,*
*खुदा के करम,पुरनूर होने लगें हैं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**चाहें कितनी भी विपत्ति आये पर सज्जन व्यक्ति अपनी सज्जनता नहीं छोड़ते, इसी सज्जनता से समूचे विश्व का कल्याण होता है।**



### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 07:12 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 21:19 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | शिव, 09:07 |
| सूर्योदय: | 07:10 |
| सूर्यास्त: | 17:29 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 09:45-11:02 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:59 - 12:40 |

## जन एक्सप्रेस

### है प्रदर्शन काल !

*रस्साकस्सी चल रही ।*
*किसको दें कमान ?*
*सबकी है प्रतिष्ठा ।*
*और सबका सम्मान ।।*
*अपनी-अपनी शक्ति का ।*
*है प्रदर्शन काल ।।*
*कौन कौन है एकजुट ।*
*है बड़ा सवाल ।।*
*खुल रही है कलई ।*
*छिड़ा घमासान ।।*
*सबकी इच्छा बलवती ।*
*छू लें आसमान ।।*
*है भविष्य के गर्भ में ।*
*होगा कब कमाल ?*
*है बड़ा दिलचस्प ।*
*गलनी किसकी दाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक उपाय, दिल रहेगा दुरुस्त



**सर्दियों** में शरीर को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। अगर इस मौसम में शरीर की देखभाल न की जाएं, तो मौसमी बीमारियां आसानी से हो सकती हैं। साथ ही इस मौसम में आपने सुना होगा कि हार्ट संबंधित केसेज काफी बढ़ जाते हैं क्योंकि शरीर को गर्म रखने के लिए हार्ट को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ठंडा मौसम हमारे तंत्रिका तंत्र को एक्टिव कर सकता है, जिससे रक्त वाहिका में संकुचन होता है। इस कारण ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और हृदय गति बढ़ने की समस्या हो सकती है। ऐसे में सर्दी में शरीर को हेल्दी रखने के साथ हार्ट को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी हो जाता है। सर्दी में हार्ट का ख्याल रखने के लिए कुछ आयुर्वेदिक उपाय किए जा सकते हैं।

**अनार:** अनार शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स एंटी-ऑक्सीडेंट के रूप में धमनियों की परत को क्षतिग्रस्त होने से बचाता है, जिससे हार्ट ब्लॉकेज का खतरा कम होता है। सर्दी में हार्ट को हेल्दी रखने के लिए रोज 1 कप अनार का जूस पीया जा सकता है।

**लहसुन:** बंद धमनियों को साफ करने के लिए लहसुन का उपयोग करना सही रहता है। लहसुन के सेवन से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है और दिल के दौरे या स्ट्रोक के खतरे को कम करने में मदद करता है। इसका सेवन करने के लिए 1 कप दूध में तीन लहसुन की कलियां काट कर उबाल लें। हल्का ठंडा होने पर सोने से पहले इस ड्रिंक का सेवन करें।

**हल्दी:** सर्दी में मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता हैं। यह खून को जमने से रोकता है और बंद धमनियों को खोलने का काम करता है। सर्दी में इसका सेवन करने के लिए 1 कप गर्म दूध में 1/4 चौथाई हल्दी को मिलाकर पिएं।

**नींबू:** नींबू विटामिन-सी से भरपूर होता है। इसमे मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स धमनियों की सूजन को कम करने के साथ कोलेस्ट्रॉल के स्तर और रक्त प्रवाह में ऑक्सीडेटिव हानि को रोकता है। इसका सेवन करने के लिए 1 गिलास गुनगुने पानी में थोड़ा सा शहद, काली मिर्च पाउडर और नींबू का रस मिला कर सेवन करें।

**फ्लैक्ससीड्स:** सर्दी में हार्ट को हेल्दी रखने के लिए फ्लैक्ससीड्स का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। फ्लैक्ससीड्स में उच्च मात्रा में फाइबर एलडीएल होता है, जो धमनियों को साफ करने में मदद करता है। नियमित रूप से 1 चम्मच अलसी के बीज पानी के साथ लें। इसका सेवन जूस, सूप या स्मूदी में भी मिला कर भी कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# अभिनय का रंगमंच नहीं संसद



गिरीश्वर मिश्र

**उपराष्ट्रपति की एक माननीय सांसद द्वारा मिमक्री करना और उसे अपनी कला प्रदर्शन का हिस्सा कहना सभ्य आचरण से परे ही कहा जाएगा। याद करें यह थोड़े दिनों के बाद ही हुआ जब एक सांसद को असंसदीय ढंग से प्रश्न पूछने के मामले में अपनी सांसद सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था।**

**स्मरणीय है कि वह ऐसा समय था जब नेहरू जी की पूरे देश में जन स्वीकृति थी और नेतृत्व सर्व स्वीकृत था परंतु नियमों और मानकों का सम्मान उनके लिए और सबके लिए आवश्यक था। आज सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही देश के कल्याण की ही बात करते हैं। संसद की सुरक्षा में बाहरी व्यक्ति द्वारा सेंध लगाना अक्षम्य है पर उस पर संसद की व्यवस्था को भंग करते हुए हंगामा क्या कहा जाएगा?**



**संसद** लोकतंत्र का मंदिर है जहां देश की जनता के कल्याण से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की जाती है और जरूरी फैसले लिए जाते हैं। वहीं भारत का संविधान अंगीकृत किया गया था और अभी भी वहाँ कानून बनाए जाते हैं जिनका राष्ट्रीय जीवन और अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध के लिए बड़ा महत्व होता है। इस तरह संसद एक बेहद गंभीर परिवेश में जिम्मेदारी से काम करने का परिसर होता है। देश की जनता अनुभव कर रही है कि विगत वर्षों में संसद में माननीय जन प्रतिनिधियों का आचरण शिष्टाचार और संसदीय कार्यकलाप की मर्यादाओं को सुरक्षित रखने में लगातार गिरावट दर्ज कर रहा है। विपक्ष के लिए संसद आंदोलन का रंगमंच होता जा रहा है। विरोध जताने का विपक्ष का अधिकार है और वह उनका कर्तव्य भी है। इसका अतिरेक और उद्दंडता जैसा रुख अख्तियार करना किसी भी तरह शोभा नहीं देता। पर इससे संगीन बात यह है कि संसद के सदनों की कार्यवाही को रोकना, ठप करना और सरकारी कामकाज को बाधित करना जायज नहीं ठहरता। उल्लेखनीय है कि माननीय सांसद गणों द्वारा इस तरह गैर जिम्मेदारी से काम करना करोड़ों रुपये की भी बर्बादी करता है। यह फिजूल खर्ची का सबब बनाता है जो संसद की कार्यवाही संचालित करने पर खर्च होता है जिसकी भरपाई जनता से की जाती है। सांसद की गरिमा को तार-तार करते विभिन्न घटनाओं और अवसरों का दर्शन आम जनता भी करती रहती है। टीवी पर प्रसारित संसद की कार्यवाही देखने का नुकसान देने वाला असर दर्शकवृंद पर यदि पड़े तो कोई आश्चर्य नहीं। भारत में बड़े लोगों का आचरण देख उसको अपनाना एक सहज स्वाभाविक व्यवहार है जैसा कि इस उक्ति से प्रकट होता है- महाजनो येन गतः सपंथाः। संसदीय हंगामे की भेंट चढ़ता संसद का यह सत्र लोकतंत्र पर दाग सरीखा लगता है। यह बेहद खेदजनक घटना है जब सौ से ज्यादे - 143 सांसद निलम्बित किए गए हैं। अपने क़िस्म की यह शायद पहली वारदात होगी । लोकतंत्रीय जीवन का यह हादसा बताता है कि देश का संसदीय जीवन का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सांसद गण की आचरण में ग़ैर संजीदगी कम होने का कोई आसार नहीं दिखता । माननीय उपराष्ट्रपति की एक माननीय सांसद द्वारा मिमक्री करना और उसे अपनी कला प्रदर्शन का हिस्सा कहना सभ्य आचरण से परे ही कहा जाएगा। याद करें यह थोड़े दिनों के बाद ही हुआ जब एक सांसद को असंसदीय ढंग से प्रश्न पूछने के मामले में अपनी सांसद सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था। संसद में वक्तव्यों, विवेचनों और प्रस्तुतियों को तथ्यपरक होना एक आधारभूत मानक है जिसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। वैसे ही आचरण का औचित्य भी एक गंभीर मसला है। भारतीय संसद की गौरवशाली परंपरा ऐसी न थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू संसद में थे और अध्यक्ष की कुर्सी पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आसीन थे। नेहरू जी एक अन्य सांसद से बात करते दिखे। यह देख अध्यक्ष ने भरी सभा में टोका कि आप क्या कर रहे हैं और नेहरू जी ने इस व्यवहार के लिए माफी माँगी थी। इसी तरह श्री मावलंकर लोकसभा के स्पीकर थे। नेहरू जी एकबार किसी मुद्दे पर बोल चुके थे और दोबारा बोलने के लिए उठने पर स्पीकर ने मना कर दिया क्योंकि तब ऐसी ही व्यवस्था थी। स्मरणीय है कि वह ऐसा समय था जब नेहरू जी की पूरे देश में जन स्वीकृति थी और नेतृत्व सर्व स्वीकृत था परंतु नियमों और मानकों का सम्मान उनके लिए और सबके लिए आवश्यक था। आज सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही देश के कल्याण की ही बात करते हैं। संसद की सुरक्षा में बाहरी व्यक्ति द्वारा सेंध लगाना अक्षम्य है पर उस पर संसद की व्यवस्था को भंग करते हुए हंगामा क्या कहा जाएगा? यह दुखद है कि इससे मिलते-जुलते विरोध-प्रदर्शन लगातार होते आ रहे हैं। संसद कोई रंगमंच नहीं है और सांसद कोई अभिनेता नहीं हैं। लोकतंत्र की रक्षा सबका दायित्व है और इसके लिए सांसद गण संसद के संचालन को हल्के में न लें।

## जिले की साहित्यकार क्षमता प्रवीण को मिलेगा कबीर कोहिनूर सम्मान

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जिले की साहित्यकार एवं समाजसेविका शमा परवीन को कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 के लिए चयनित किया गया है। शमा परवीन को यह सम्मान बाल साहित्य लेखन के क्षेत्र में मिलेगा। देश-विदेश के 100 विशिष्ट साहित्यकारों में बहराइच की साहित्यकार शमा परवीन का चयन होने पर जिले के साहित्यकारों में भी खुशी की लहर है। मालूम हो कि संत श्री कबीर साहेब के 506वें महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में कबीर कोहिनूर सम्मान-2024 समारोह का आयोजन डा. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हाल जनपथ रोड नई दिल्ली में आयोजित होगा। अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान के भारत भूषण महंत डा. नानक दास महाराज के नेतृत्व में 25 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश से विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट 100 चयनित महानुभावों को कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में देश -विदेश के जिन 100 असाधारण अति विशिष्ट जनों को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है उनमें यूपी के बहराइच जिले से साहित्यकार, समाज सेविका शमा फाउंडेशन की प्रबंधक शमा परवीन का नाम भी शामिल है।


## लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. मार्ग, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल nnlko@up.nic.in फोन फैक्स : 0522-2622440

संख्या : 233/मु.अ./23-24 दिनांक : 21.12.2023

### अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 5.01.24 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र 4.01.24 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से डउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 05.01.24 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 05.01.24 को अपरान्ह 4 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व व्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | धरोहर धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी०एस०टी० | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शारदानगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एकतानगर में नवाब चौराहे के पास सड़क का निर्माण कार्य। | 812173.00 | 81217 | 2 माह | 812 | 146 | 958 |
| 2 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत औरंगाबाद जागीर के साकेतपुरी में जे०बी० सिंह के मकान से राजेन्द्र शुक्ला के मकान होते हुए नीलेष गुप्ता के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य। | 839306.00 | 83931 | 2 माह | 839 | 151 | 990 |
| 3 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बेहसा में क्रिस्टल अपार्टमेंट के पीछे से पानी की टंकी के पास होते हुए शहीद पथ तक नाली व सड़क का कार्य। | 796824.00 | 79682 | 2 माह | 797 | 143 | 940 |
| 4 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बेहषा में एस०के० शुक्ला के घर से उमेश पाण्डे के घर तक नाली व सड़क का कार्य। | 794659.00 | 79466 | 2 माह | 795 | 143 | 938 |
| 5 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत से०ओ० में ठाकुर द्वारा मन्दिर के सामने वाली गली में साइड पटरी पर इण्टरलाकिंग व नाली का कार्य। | 783211.00 | 78321 | 2 माह | 783 | 141 | 924 |
| 6 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बेहषा में अमरेष त्रिपाठी के घर से साहू जी के घर तक नाली व सड़क का कार्य। | 836933.00 | 83693 | 2 माह | 837 | 151 | 988 |
| 7 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत न्यू गुडौरा में जे०एस०एस० बैंकवेट से म०सं० 124 तक नाली सड़क का सुधार कार्य। | 806596.00 | 80660 | 2 माह | 807 | 145 | 952 |
| 8 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत पूजा विहार कालोनी में जी०एस० तिवारी के घर से शीला सिंह (श्याम सुन्दर) के घर तक नाली व सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। | 798851.00 | 79885 | 2 माह | 799 | 144 | 943 |
| 9 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बेहषा में बरदानी आटा चक्की के पास नाली व सड़क का कार्य। | 819832.00 | 81983 | 2 माह | 820 | 148 | 967 |
| 10 | राजाबिजलीपासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत पूजा विहार कालोनी में लखनऊ हेल्थ फार्मेसी से जी०एस० तिवारी के मकान तक नाली व सी०सी० रोड का कार्य। | 773509.00 | 77351 | 2 माह | 774 | 139 | 913 |
| 11 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर जे में सहयोग पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 832434.00 | 83243 | 2 माह | 832 | 150 | 982 |
| 12 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अनतर्गत देव मेडिकल से मकान सं० के 1156 के तक सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 827544.00 | 82754 | 2 माह | 828 | 149 | 977 |
| 13 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर के में म०सं० 115 से 1165 सर्विस रोड तक सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 826603.00 | 82660 | 2 माह | 827 | 149 | 975 |
| 14 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर एच में म०सं० स/1238 के सामने पार्क की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य। | 660947.00 | 66095 | 2 माह | 661 | 119 | 780 |
| 15 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एल में म०सं० ए/1 से म०सं० 2/416 की ओर नाली साइड पटरी पर इंटरलाकिंग का कार्य। | 830479.00 | 83048 | 2 माह | 830 | 149 | 980 |
| 16 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एच में म०सं० डी-1 486 के सामने स्थित पानी की टंकी वाले पार्क के चारों तरफ नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 828610.00 | 82861 | 2 माह | 829 | 149 | 978 |
| 17 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एल में म०सं० एल-1/34 के सामने स्थित पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 689318.00 | 68932 | 2 माह | 689 | 124 | 813 |
| 18 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एल में सलीम के मकान से सेंट मेरीज कॉलेज के मोड़ तक सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 785658.00 | 78566 | 2 माह | 786 | 141 | 927 |
| 19 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एल में म०सं० एल-1/31 के सामने स्थित पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 833751.00 | 83375 | 2 माह | 834 | 150 | 984 |
| 20 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-के में म०सं० 1138-ए सुमनलता के मकान से मुख्य मार्ग तक सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 802373.00 | 80237 | 2 माह | 802 | 144 | 947 |
| 21 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एच में हल्का फुल्का रेस्टोरेंट के पीछे स्थित पार्क की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 660947.00 | 66095 | 2 माह | 661 | 119 | 780 |
| 22 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृंदावन में सेक्टर 9बी में म०सं० 9/9बी-73 से के म०सं० 9/9बी-78 तक सड़क व नाली का सुधार कार्य। | 790986.00 | 79099 | 2 माह | 791 | 142 | 933 |
| 23 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृंदावन में सेक्टर 9बी में म0सं0 9/9बी-107 से के म0सं0 9/बी-100 तक सड़क व नाली का सुधार कार्य। | 827756.00 | 82776 | 2 माह | 828 | 149 | 977 |
| 24 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृंदावन में सेक्टर 9सी मे म0सं0 9 सी / 116 सं0 9 सी /201 तक 9 सी/133 के आस-पास सड़क व नाली का सुधार कार्य। | 826739.00 | 82674 | 2 माह | 827 | 149 | 976 |
| 25 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृंदावन में सेक्टर 9सी की ओर स्थित क्षतिग्रस्त नाले का सुधार कार्य। | 819388.00 | 81939 | 2 माह | 819 | 147 | 967 |
| 26 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत में सेक्टर बी स्थित क्षतिग्रस्त नाले का सुधार कार्य | 786571.00 | 78657 | 2 माह | 787 | 142 | 928 |
| 27 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृंदावन में सेक्टर 9बी मे म0सं0 9बी/17 से के म0सं0 9-बी/07 तक सड़क व नाली का सुधार कार्य। | 825544.00 | 82554 | 2 माह | 826 | 149 | 974 |
| 28 | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृंदावन में सेक्टर 9बी मे म0सं0 9/9बी-057 के सामने सड़क व नाली का सुधार कार्य। | 837813.00 | 83781 | 2 माह | 838 | 151 | 989 |
| 29 | शारदानगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एकतानगर में सूर्याष स्कूल के पास सड़क का निर्माण कार्य। | 816641.00 | 81664 | 2 माह | 817 | 147 | 964 |

शर्ते:
1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
2. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/ 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
3. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017 / 81ज / 17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
4. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890 / नौ-5-19-149सा0 /2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
5. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता


# कृषि मंत्री की अध्यक्षता में केवीके नानपारा में सम्पन्न हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**✻ विभिन्न कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास, किसान सम्मानित**

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा पहुंचकर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड व विधायक बलहा सरोज सोनकर के साथ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत मुर्गीपालन इकाई, बाउण्ड्रीवाल एवं सोलर पैनल का लोकार्पण किया। उन्होंने पालीहाउस, नेट हाउस व तालाब का शिलान्यास किया। लोकार्पण एवं शिलान्यास के उपरान्त कृषि मंत्री श्री शाही ने विभागीय अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों व अन्य गणमान्यजन के साथ कृषि केन्द्र प्रक्षेत्र का भ्रमण भी किया। प्रक्षेत्र भ्रमण के पश्चात श्री शाही ने फीता काटकर कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुलपति बृजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हित के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बहराइच जैसे जनपद में 02 कृषि विज्ञान केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसान आज उन्नतिशील खेती करके विकसित हो रहे हैं। इस मौके पर लगभग दो दर्जन से अधिक प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सांसद अक्षयवर लाल गोड, कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ बिजेन्द्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अन्त कृषि मंत्री ने मौजूद लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलायी। इससे पूर्व कृषि मंत्री श्री शाही ने दीप प्रज्ज्वलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा योगासन कर बनाए गए पिरामिड की सभी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन एसके चौबे ने किया। इस अवसर पर डीडी एग्री टीपी शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, केबीके के वैज्ञानिक पी.के. सिंह, डॉ शैलेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि व भजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह व कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच व नानपारा के अधिकारी कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अलाव की लकड़ी गीली होने पर भड़के सभासद व प्रतिनिधि

**✻ नपाप बहराइच कार्यालय में की तालाबंदी, ईओ ने कहा मांग जायज, ठेकेदार को नोटिस जारी**

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है। नगर पालिका परिषद बहराइच के विभिन्न मोहल्ले में ठेकेदार की ओर से अलाव के लिए हरी लकड़ी डाली जा रही है। इसके विरोध में शुक्रवार को सभासद नाराज हो गए। सभी ने नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी समेत सभी कार्यालयों में ताला लगा दिया। सूचना मिलने पर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी पहुंची। उन्होंने सभासदों से वार्ता की। इसके बाद ऑफिस का ताला खुल सका। नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्र में 33 वार्ड हैं। इन वार्डों में नगर पालिका की ओर से ठंड से निजात के लिए अलाव जलवाए जा रहे हैं। लेकिन अलाव की लकड़ी हरी और गीली गिर रही है। जिसके चलते अलाव नहीं जल रहा है। इसकी शिकायत मोहल्ले के लोगों द्वारा सभासदों से की गई। नाराज सभासद शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच गए। सभी ने अधिशासी अधिकारी, लेखा अनुभाग समेत अन्य विभागों में ताला लगा दिया। इससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर ईओ प्रमिता सिंह पहुंची। उन्होंने सभासदों से वार्ता कर समस्या निदान का आश्वासन दिया। इस पर सभासदों ने ईओ ऑफिस का ताला खोल दिया। लगभग एक घंटे तक कार्यालय में ताला लगा रहा। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि हर्षित राज श्रीवास्तव, गोले यादव, सीताराम यज्ञसैनी समेत अन्य शामिल रहे। इस प्रकरण पर नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह का कहना है कि मोहल्लों में हरी लकड़ी गिराने की सूचना मिली है। जिससे सभासद नाराज हुए हैं। उनकी मांग जायज है। लकड़ी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है। जांच भी कराई जायेगी। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मांगी आर्थिक सहायता

**जन एक्सप्रेस/नानपारा,बहराइच।** श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल नानपारा में कार्यरत कर्मचारी बलजीत बहादुर सिंह ने केन्द्रीय रेल मंत्री से आर्थिक सहायता के लिए गुहार लगाई है। बीते 23 नवम्बर को जवान पुत्र शशांक प्रताप सिंह की दुर्घटना मे गयी मृत्यु हो गयी थी। चीनी मिल कर्मी श्री सिंह ने बताया कि उनका जवान पुत्र आवश्यक कार्य से 23 नवम्बर 2023 को ट्रेन द्वारा गोण्डा से लखनऊ जा रहा था। जीआरपी व आरपीएफ द्वारा फोन से पुत्र की दुर्घटना मे मौत व शव पहचान हेतु बुलाये जाने पर मिली जानकारी के अनुसार जरवल रोड गोंडा जाने वाली रेलवे लाइन पर 300 मीटर की दुरी पर पुत्र के शव मिलने की जानकारी रेलवे पुलिस ने दी थी। मृतक शशांक प्रताप सिंह की उम्र 25 वर्ष व कम्पयूटर साइंस मे बीटेक की डिग्री प्राप्त युवा के आकस्मिक मृत्यु से पूरा परिवार अस्त व्यस्त हो गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं: सांसद रेखा वर्मा

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं। देश पे 60 साल तक राज करने वाली सरकार आज केंद्र सरकार के सभी योजनाओं का विरोध करते है। यह बात धौरहरा सांसद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा ने विकासखंड महोली की इन्द्रौली ग्राम पंचायत में भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने 9 साल में जो कार्य किये हैं वह अन्य सरकारे 60 साल में नही कर पाई। मोदी जी की सरकार ने राम मंदिर बनाया, जम्मू से धारा 370 को हटाया, बेघरों को पीएम आवास देकर घर दिया। मनरेगा के तहत सभी को काम दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी व केंद्र सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण बिल पारित किया, जिससे महिलाओं को सहभागिता हर क्षेत्र में बढ़ेगी। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार मिलकर पूर्ण विकास कर रही है आज किसी को भूखे पेट सोने नहीं पड़ता है। आयुष्मान कार्ड योजना से हर गरीब को चार दिलाया जा रहा है सांसद ने सरकार की योजनाओं को गिनते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में फिर पूर्ण बहुमत से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सभी को भारत विकसित संकल्प यात्रा में अपना सहयोग करने की शपथ दिलाई। सांसद ने कार्यक्रम में आयुष्मान योजना से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितिरित किये। इससे पूर्व सांसद एलिया के केनपुर गांव में भारत विकसित संकल्प यात्रा में भी जनसमुदाय को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र किए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव, बीडीओ प्रतीक सिंह, नायाब तहसीलदार विदेह सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष महोली अतुल मिश्रा भाजपा नेता रितेश सिंह मंडल अध्यक्ष पिसावा शिव प्रताप सिंह महेंद्र वर्मा सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र व पार्क का किया लोकापर्ण

सांसद रेखा अरुण वर्मा ने रमुआपुर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में जमकर विकास किया है। कायाकल्प योजना से सभी विधालयों का सौन्दर्यकरण किया है आगनबाडी केंद्र के नौनिहालों को हॉट कुक योजना शुरू की है उन्होंने अम्बेडकर पार्क मैदान का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी को पार्क में एक्सरसाइज मशीनों को लगाने का निर्देश दिया।

## विपक्षी 142 सांसदो के निलम्बन के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । शहज़ाद अंजुम**




**सहारनपुर।** लोकसभा एवं राज्यसभा के 142 विपक्षी सांसदों को शीतकालीन सत्र से निलम्बित किये जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी तथा महानगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन कारी कांग्रेस जनों का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. मुजफर अली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को केन्द्र सरकार देश के लोकतन्त्र को पूरी तरह से बबर्बाद करने में लगी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरोज आफताब ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक और राष्ट्रवाद का राग अलापती है, वहीं इसके शासन में देश की संसद में अपराधिक लोग घुस कर शर्मनाक घटना को अंजाम देते हैं। केन्द्र सरकार विपक्षी सांसदो की आवाज को दबाने एवं अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विपक्षी सासंदो को लोकसभा एव राजसभा से निलम्बित किया जा रहा है। इस मौक पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष बरुण शर्मा, गणेश दत्त शर्मा, चेतन खाल, नसीब खान, स. चद जीत सिहँ निक्कू, गुलफाम असारी, धर्मवीर जैन समेत सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### गांजा और स्मैक के साथ दो गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/मिहीपुरवा,बहराइच।** मोतीपुर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक के पास से 15 किलोग्राम अवैध गांजा और दूसरे के पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशांत कुमार वर्मा के निर्देश पर मादक द्रव्य तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह तथा अश्विनी कुमार पांडे हेड कांस्टेबल ललित कुमार रविशंकर पांडे की टीम ने विभिन्न स्थानों पर मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान प्रमोद कुमार पाठक पुत्र गोपीनाथ पाठक निवासी माधवपुर थाना फखरपुर को बाबागंज रामनगर रोड से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तलाशी के दौरान 15 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। जबकि पुलिस टीम ने शरीफ पुत्र छोटकन निवासी नंद गांव कबाडियन पुरवा उमरिया थाना नवाबगंज को गिरफ्तार किया गया। दोनों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया गया है।

### पत्रकारों के सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं आलोक



**जन एक्सप्रेस/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के उत्तराखंड प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा पत्रकारों के सम्मान व सुरक्षा के लिये सतत प्रयासरत है। वरिष्ठ पत्रकार आलोक तनेजा जब से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष तथा स्थानीय प्रेस सलाहकार समिति के सरकार द्वारा सदस्य नामित किये गये हैं, तब से जिले में पत्रकारों का हर स्तर पर किये जाने वाले शोषण व उत्पीडन में कमी जाई है। पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण कराने के लिए शीघ्र ही, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रान्तीय सम्मेलन सहारनपुर में आयोजित कराया जायेगा। जीपीए के सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा एवंम उनकी टीम ने प्रान्तीय सम्मेलन के आयोजन की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी है। प्रान्तीय सम्मेलन में प्रदेश भर के न्यूज चैनल एव समाचार पत्रों के सम्पादक और पत्रकार शामिल होंगे।

### महानगर में खुलेआम चल रहा है जिस्मफरोशी का धंधा

**जन एक्सप्रेस/सहारनपुर।** एक और जहां देश में बेटियों व महिलाओं को पढ़ा लिखाकर मजबूत बनाने की बाबत सरकार नई -नई योजनाए संचालित कर रही है, वहीं आज महिलाओं का शोषण हर स्तर पर किया जा रहा है। महानगर सहारनपुर में घंटाघर के आस-पास कई स्थानों पर जिस्मफरोशी का धंधा जोरों पर चल रहा है। महानगर सहारनपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के समीप सड़क पर जिस्मफरोशी का बाजार खुलेआम लगता है, बावजूद इसके समाज सुधारक पुलिस प्रशासन इस मामले को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है, प्रशासन की अनदेखी के चलते कुछ साल पहले शहर में चंद जगह वेश्यावृत्ति थी लेकिन आज इनकी संख्या बढ़ती जा रही है आज सैकड़ों की संख्या में लड़कियां और महिलाएं वेश्यावृत्ति के धंधे में लिप्त हैं। अगर समय रहते इस पर कंट्रोल नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसकी स्थिति और भी खराब हो सकती है महानगर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गांधी पार्क सहित कई स्थानों पर वेश्यावृत्ति का धंधा चरम सीमा पर है।

### बहराइच से जरवलरोड रेलमार्ग का लोकेशन सर्वे कर रही है पटना की फर्म

**जन एक्सप्रेस/कैसरगंज, बहराइच।** बहराइच से जरवलरोड रेलमार्ग के लिए सर्वे का फील्ड कार्य प्रारंभ हो चुका है इसे मेसर्स स्काईलार्क डिजाइनर एंड इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जा रहा है। बहराइच से जरवलरोड रेल जोड़ो अभियान के संयोजक डॉ. सत्यभूषण सिंह द्वारा मांगी गई एक आरटीआई के उत्तर में रेल मंत्रालय ने बताया है कि उक्त रेलमार्ग के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य प्रगति पर है और शुरुआती दौर में है। जानकारी के अनुसार रेल मंत्रालय इस रेलमार्ग के लोकेशन सर्वे के लिए 28 फरवरी 2023 को ही 162.5 लाख रुपए स्वीकृत कर चुका है। डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि यह हम बहराइच और कैसरगंज के लोगों के लिए खुशखबरी है हमें आशा है कि यह सर्वे का कार्य शीघ्र पूरा होगा और उसके बाद रेलमार्ग के निर्माण का भी कार्य प्रारंभ होगा। इस रेलमार्ग के निर्माण के बाद बहराइच और कैसरगंज के लोग सस्ती और सुलभ रेल सेवा का लाभ उठा सकेंगे। मालूम हो कि बहराइच से लखनऊ रेल मार्ग के लिए पिछले कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन को बहराइच तथा इससे जुड़े जिले के बुद्धिजीवियों का समर्थन प्राप्त है। डॉ सिंह ने बताया कि रेल मार्ग की सुविधा मिलने के बाद बहराइच पर्यटन तथा व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर सकता है।

# 142 विपक्षी निलंबित सांसदों के समर्थन में सपा ने किया प्रदर्शन

**✻ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा, वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



इंडिया गठबंधन की बैठक में लिए गये निर्णय के दृष्टिगत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को यहां सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट व विधायक आनन्द यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने सड़क पर जुलूस प्रदर्शन निकालकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। ज्ञापन में लोकसभा में विपक्ष के 142 सांसदों के निलम्बन को वापस लेने की मांग की गयी। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश मे सत्तारूढ़ मोदी सरकार बहुमत के मद मे चूर है। देश की वाहय् एवं आतंरिक सुरक्षा पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है किन्तु मोदी सरकार देश की वाहय् एवं आतंरिक सुरक्षा के पुख्ते दावे का झूठा ढिंढोरा पीट रही है। शीतकालीन सत्र के दौरान लोकतंत्र के मंदिर की कथित अभेद सुरक्षा को धरा बताते हुए दो व्यक्ति संसद भवन के अंदर घुस आए और इन दोनो लोगो को संसद का पास भाजपा के ही एक सांसद ने उपलब्ध कराया। यह शर्मनाक घटना इस भाजपा सरकार की सुरक्षा नीति के दावों की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है। आम चुनाव के पूर्व मोदी सरकार की महत्वपूर्ण विधेयक विपक्ष की अनुपस्थिति में पास करने के लिए एक साजिश के तहत विपक्ष के सांसदों को निलम्बित करके बिना चर्चा के मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण बिल को पास कर लिया है। श्री यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति हेतु प्रधान मंत्री व नेता विपक्ष तथा सुप्रीम कोर्ट के जज की तीन सदस्यीय टीम से कराने का निर्णय दिया था लेकिन सरकार ने मनमाफिक व्यक्ति को इस महत्वपूर्ण पद पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को पलटने के लिए बिना चर्चा के बिल पास कर लिया है। इस धरना प्रदर्शन का उद्देश्य लोकतंत्र व संविधान बचाना है तथा इस घमंडी भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक आचरण पर अंकुश लगाकर उन्हे सत्ता से बाहर करना है। इस धरना-प्रदर्शन में पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक अलगू चौहान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जफरउल्ला खां बंटी, अनिल यादव, देवेश चंद मिश्र, अवधेश वर्मा, महासचिव सुनील निषाद, नंदेश्वर यादव, शैलेश सिंह शैलू, प्रवक्ता तारिक़ खान, महिला सभा जिलाध्यक्ष मन्नूदेवी,वरिष्ठ नेत्री रेखा राव, सुमन शर्मा, निशी खान, राजकुमारी,हुस्न आरा, पूनम गुप्ता, तारादेवी, नूरजंहा, सत्यम बाजपेयी, गौरव यादव, रितेश यादव, पेशकार राव, हर्षित त्रिपाठी, मयंक मिश्रा, मुन्ना रायनी, अयोध्या सोनी, जवाहर यादव, दिनेश लोधी सहित तमाम संख्या मे पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । उरई**

इंडिया गठबंधन के विपक्ष में बैठे सांसदों ने लोकसभा में सरकार के सामने प्रश्न पूछ दिए तो इसी को लेकर सरकार ने 142 सांसदों को लोकसभा की कार्रवाई से निलंबित कर दिया। इंडिया गठबंधन के लोकसभा में सवाल पूछने पर असंवैधानिक तरीके से निलंबित किए गए सांसदों के पक्ष में और भाजपा सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता शुक्रवार को कलेक्ट परिसर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को हटाने और निलंबित किए गए सांसदों को बहाल करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में समाजवादी पार्टी ने कहा है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, और देश की



जनता लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर लोकसभा के लिए सांसदों का चुनाव करती है। जो लोकसभा के अंदर जनता की आवाज को रख सके। लेकिन देश में जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वह पूर्ण रूप से तानाशाह है। वह ना तो लोकतंत्र को मानती है, ना संविधान को। जिस प्रकार से लोकतंत्र में संवैधानिक तरीके से विपक्ष के सांसद अपने सवाल पूछ रहे थे।

वह सरकार को अच्छा नहीं लगा और विपक्ष के 142 सांसदों को लोकसभा की कार्रवाई से निलंबित कर दिया। समाजवादी पार्टी सरकार के इस कृत्य की निंदा करती है । समाजवादी पार्टी और गठबंधन के नेताओं ने भारत सरकार के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बर्खास्त किया जाए और असंवैधानिक तरीके से किए गए सांसदों के निलंबन वापस लिए जाएं। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव , पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपांशु समाधियां, जयदेव सिंह यादव सहित इंडिया गठबंधन के नेता शामिल रहे।

# पुलिस जवानों ने सड़क पर पैदल मार्च कर सुरक्षा का कराया अहसास

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



कोतवाली पुलिस के जवानो ने बाजारों व सार्वजनिक स्थानों में पैदल मार्च तथा चैकिंग अभियान क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार के निर्देश पर कोतवाली के एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह,उप निरीक्षक राजेश कुमार, टरनंनगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह, सशस्त्र पुलिस जवान, महिला सिपाहियों के द्वारा चलाया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख मार्गो तथा सार्वजनिक स्थानों में संवाद स्थापित कर जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। अराजक तत्वों पर नकेल कसने व अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा गस्त में गतिशीलता लाई जा रही है। नगर के सबसे व्यापारिक क्षेत्र वाले इलाक़ों में पैदल गस्त किया गया। फुल पावर बाईपास चौराहे पर एकत्रित हो गए। यहीं से पुलिस जवानों का फुट मार्च शुरू हुआ। पुलिस जवानों द्वारा मेंन बाजार टरनंनगंज, सराफा बाजार, खोवा मंडी, मूंगफली मंडी, राम चबूतरा आदि स्थानों में पुलिस जवानों के द्वारा फुट मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस जवानों के द्वारा जनता से संवाद स्थापित करके सुरक्षा का अहसास कराया। महाराज सिंह, अभिषेक गुप्ता सहित पुलिस कर्मी फुट मार्च अभियान में शामिल रहे। इस दौरान टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की। क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार के अनुसार सभी थानों में निरंतर गस्त कराया जा रहा है। इससे अप्रिय घटनाओं में पर अंकुश लग जायेगा।

# पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर द्वारा देवरिया पुलिस का किया गया वार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर श्री जे0 रविन्दर गौड द्वारा वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाइन्स जनपद देवरिया में शुक्रवार पुलिस परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात प्रशासनिक भवन, क्वाटर गार्ड, परिवहन शाखा, डॉयल 112 कार्यालय, भोजनालय, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया।

थाना लार का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जहां पर पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा सशस्त्र गार्द की सलामी लेते हुए कार्यालय, बैरक, थानाध्यक्ष कक्ष, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक लार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मालखाने का निरीक्षण करते हुए माल मुकदमाती का निस्तारण कराये जाने एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों, शस्त्रों की साफ सफाई का निरीक्षण कर संबन्धित को उनके रख रखाव आदि के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा थाना लार पर ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों के प्रति बोध कराते हुए बताया गया कि गॉव में कोई भी घटना घटित होने पर सर्वप्रथम आप को ही सूचना मिलती है, इसलिए आप पुलिस विभाग का एक अहम अंग है, इसके अतिरिक्त आप लोगों द्वारा अपने क्षेत्रों में गोपनीय रूप से सूचनाओं का संकलन कर अपने संबन्धित बीपीओ तथा उच्चाधिकरियों को भी अवगत करा सकते हैं एवं अपराध नियंत्रण में आप लोगों की विशेष भूमिका है।

पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा थाने पर उपस्थित समस्त उप निरीक्षकगण, मुख्य आरक्षी, पुरूष/महिला बीपीओ के साथ गोष्ठी करते हुए बीपीओ को अपने क्षेत्र में जाकर जन चौपाल लगाने तथा लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण कराये जाने के संबन्ध में बताया गया, महिला बीपीओ को अपने अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं के साथ चौपाल लगाते हुए उनके साथ एक मैत्रिक व्यवहार बनाये जाने तथा सूचनाओं का संकलन किये जाने व मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन के संबन्ध में जागरूक किये जाने के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त समस्त बीपीओ से उनके क्षेत्रान्तर्गत हिस्ट्रीशीटरों के निगरानी के संबन्ध में पूछ-तॉछ किया गया। उप निरीक्षकगण को निर्देश दिये गये कि किसी भी सूचना पर मौके पर पंहुच कर नियमानुसार कार्यवाही करें तथा अपने अपने क्षेत्र में प्रत्येक दिवस प्रभावी पैदल गस्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा थाने के अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर आदि अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय देवरिया के निरीक्षण के क्रम में प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, रिट सेल, वाचक कार्यालय, डीसीआरबी, एकीकृत जनसुनवाई शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, सम्मन सेल, पासपोर्ट कार्यालय, साइबर सेल, वीआईपी सेल का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के सम्बन्ध में सम्बन्धित पुलिस कर्मी से पूछ ताछ करते हुए उनके रख रखाव आदि के सम्बन्ध में उन्हें उचित दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी लार श्री दीपक शुक्ला, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अंशुमान श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक लार श्री कपिलदेव चौधरी, गोपनीय सहायक उ0नि0 अफजल खां, प्रधान लिपिक श्री भुवनेश कुमार राय, प्रभारी आंकिक शाखा श्री सुनील श्रीवास्तव हेड पेशी द्विजेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस के लिए पहेली बना विस्फोट, चर्चाओं का बाजार गर्म

**जन एक्सप्रेस । बरियारपुर, देवरिया**

बरियारपुर थाना क्षेत्र के पड़री मल्ल गांव में जैनुल अंसारी की मकान में हुए विस्फोट से पूरा गांव दहशत में है। यह विस्फोट पुलिस के लिए भी पहली बना हुआ है। भारत और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो सिलेंडर सही सलामत था। घटना को लेकर एक तरफ जहां चर्चाओं का बाजार गर्म है वहीं पुलिस ने जैनुआ और उसके परिवार की निगरानी भी बढ़ा दिया है।पुलिस सूत्रों की माने तो लखनऊ से एक टीम मौके का जायजा लेने के लिए आने वाली है। इसे देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस को मुस्तैद कर दिया गया है। घटना स्थल पर एक दरोगा और आधा दर्जन पुलिस कर्मी को लगाया गया है। पुलिस घटना के कारण जानने के लिए परिजनों और आस पास के लोगों से पूछताछ किया। पुलिस ने परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी लिया। गृह स्वामी के बेटे दिल्ली में शटरिंग का कार्य करते है। पुलिस परिवार के सदस्यों की कुंडली खंगाल रही है। गांव के लोग भी इससे हैरान है कि आखिर क्या समान था जो इतना जबरदस्त आवाज के साथ विस्फोट हुआ है। जिससे घर की दीवार टूट गई है।

### सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है पुलिस

पुलिस जैनुल के घर पर हुए विस्फोट की हर पहलू की जांच कर रही है। पुलिस जैनुल और उसके बेटों के साथ ही घर में आने जाने वालों के बारे में जानकारी कर रही है। पुलिस ने दिल्ली में रहने वाले बेटे के नाम, पता और मोबाइल नम्बर के बारे में जानकारी ली है। सोनूघाट में स्थित दुकान के बारे में भी पुलिस ने जानकारी लिया है। दुकान किसके नाम है और वह कब से खोले हुए है। पुलिस इसके साथ ही मोहल्ले के लोगों से भी जानकारी कर विस्फोट के तह तक जाना चाह रही हे।

### केमिकल और गैस होने से पुलिस नहीं कर रही है इंकार

कुछ लोग केमिकल या गैस से विस्फोट होने की संभावना जता रहे हैं। पुलिस भी इससे पूरी तरह इंकार नहीं कर रही है। हो सकता है घर में किसी कार्य से केमिकल रखा हो और वह गैस बनकर विस्फोट कर गया हो। आखिर स्टोर रुम में क्या-क्या रखा गया था। इसके बारे में परिवार के लोग ही बता सकते हैं।

### गैस कंपनी के अधिकारी ने मौके का किया निरीक्षण

पड़री मल्ल के एक मकान में हुए विस्फोट होने पर पुलिस ने गैस सिलेंडर और गैस गीजर की जांच के लिए भारत पेट्रोलियम और एचपी गैस के अधिकारियों को बुलाया था। टीम के सदस्यों ने गैस सिलेंडर की जांच किया और उसकी एक्सपायरी देखा। जांच में गैस सिलेंडर ठीक थे। उनसे गैस लिकेज नहीं हो रहा था। वहीं गैस गीजर का बुधवार को मरम्मत कराया गया था। उसकी जांच किया गया तो वह भी ठीक था।

### टूटी प्लास्टिक बाल्टी में तो कुछ नहीं था?

जैनुल की मकान के तीसरी मंजिल के स्टोर रुम में प्लास्टिक की बाल्टी में क्या रखा था? विस्फोट के बाद बाल्टी टूट कर नीचे सड़क पर गिरी थी। पुलिस की फॉरेसिंक टीम ने मौके से कुछ साक्ष्य लिए है। बाल्टी में रखे हुए समान के बारे में पता करने के लिए सेंपल लिया है। पुलिस पूरे मकान की गहनता से जांच किया है लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### टूटे हुए मकान के हिस्से बयां कर रहे हैं विस्फोट की तीव्रता

जैनुल के मकान में गुरुवार की भोर में हुए विस्फोट की तीव्रता इतना तेज था कि आस पास के घरों में कंपन हो गया था। आस पास के लोग कुछ समझ पाते कि ईट की बनी दिवार घर के छत पर सड़क पर गिरने लगे। भवन का मलवा गिरने से गर्दा उठा। वहीं लोहे का फाटक दूसरे पड़ोसी के घर में गिरा। संयोग ठीक था कि कोई उससे घायल नहीं हुआ।

## हजारो की नगदी सहित चार जुआड़ी बंदी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

थाना कबरई पुलिस ने चार जुआड़ियो को जुआ खेलते रंगेहाथ बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना कबरई पुलिस ने बताया कि कस्बे के मुहल्ला अम्बेड़कर नगर स्थित सार्वजनिक स्थल पर ताश के पत्तों मे रूपयों से हारजीत की बाजी लगा रहे विनोद पुत्र रघुनाथ, रामकिशुन पुत्र रामचरन, ब्रजमोहन पुत्र स्वं0 नत्थू, विंदा पुत्र रामसनेही को मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते बंदी बनाया है। बंदी बनाये गये जुआड़ियो के पास से मालफड मे 1430 रूपये तथा जामा तलाशी मे 270 रूपया एक ताश की गड्डी पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है। बंदी बनाये गये जुआड़ियो के विरूद्ध जुआ एक्ट 13 के तहत मुकद्मा पंजीकृत कर चारो जुआड़ियो को जेल भेजा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वयक समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला समन्वयक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे पी.एम. ई.जी.पी., पी.एम.एफ. एम.ई., मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं का लाभ अमजान तक पहुंचाने एवं लक्ष्य प्राप्ति पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी बैंकों को सहभागिता एवं चिन्हित योजनाओं जैस अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना आदि का प्रचार



प्रसार करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा लाभार्थियों के आधार लिंक तथा स्वयं सहायता समूह और आरसेटी से प्रतिक्षित लाभार्थी के क्रेडिट लेके्ज हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, भारतीय रिजर्व बैंक के ए.जी. एम. अनिल कुमार मिश्र, नावार्ड के डी.डी.एम. हरिओम सोनी, अग्रणी बैंक प्रबंधक सरोज कुमार, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में बने अस्पतालों का बुरा हाल कहीं लटका है ताला कहीं तैनात ही नहीं डॉक्टर

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं होने का लाख दम भर रही हो लेकिन बुंदेलखंड के महोबा में जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर या तो बंद रहते हैं या फिर उनमें कोई डॉक्टर ही तैनात नहीं है ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी बीमारी का इलाज कराने के लिए जिला मुख्यालय आने या मध्य प्रदेश जाने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम सरकारी अस्पतालों में पहुंचकर स्वास्थ सेवाओं की हकीकत जानने की न केवल कोशिश कर रहे हैं बल्कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दे रहे हैं मगर जिम्मेदारों को शायद उनके निर्देशों की कोई परवाह नहीं है यही वजह है कि महोबा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी अस्पतालों में अधिकतर ताला ही लटकता रहता है और यहां आने वाले मरीज बिना इलाज बैरंग लौटने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

### आज आयोजित होगा चौपाल कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन सुधीर गर्ग की अध्यक्षता में आज 23 दिसंबर को ब्लॉक भाटपाररानी अंतर्गत ग्राम पंचायत बहियारी बघेल में पूर्वाह्न 10 बजे एवं ब्लॉक लार अंतर्गत ग्राम पंचायत- खरवनिया नवीन में पूर्वाह्न 10.40 बजे से चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजित होने वाले चौपाल कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी भाटपाररानी, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी, खण्ड विकास अधिकारी भाटपाररानी/लार को आवश्यक निर्देश दिया है।

### खेत से घर लौट रहे वृद्ध किसान की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम महोई में खेत से घर लौट रहे वृद्ध किसान को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम महोई निवासी वृद्ध किसान रामेश्वर 70 वर्ष गुरुवार को अपने खेत पर काम कर रहा था। खेत से काम करने के बाद जब वह रात में वापस अपने घर जा रहा था। तभी गांव के बाहर पेट्रोल पंप के सामने उसे तेज रफ्तार लग्जरी कार ने टक्कर मार दी। इतना ही नहीं बल्कि कार भी बेकाबू होकर खंती में जा उतरी। जिससे उसमें सवार लोग कार को मौके पर छोड़कर भाग निकले। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस व उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों के अलावा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, और वृद्ध किसान को अस्पताल ले गए। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई/कोंच।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ककरौली में राज मिस्त्री ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ककरौली निवासी धर्मेंद्र 25 वर्ष राजमिस्त्री था और भवन निर्माण का काम करता था। कुछ दिनों से उसकी पत्नी खुशबू बच्चों के साथ अपने मायके गई हुई थी। जबकि गुरुवार देर शाम को उसके पिता राम खिलौने और मां खेत पर काम कर रहे थे। इस दौरान उसने घर में खुद को अकेला पाया और कमरे में लगे हुक से रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद जब खेत से घर लौटे माता-पिता ने पुत्र का शव फांसी पर लटका देखा, तो उनके होश उड़ गए, और उन्हें चीख पुकार मच गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि खुदकुशी की वजह को लेकर परिजन कोई जानकारी नहीं दे पाए। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति गम्भीर हालत में रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने ग्राम पिंडारी के पास बाइक पर सवार मजदूर दम्पति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति को गम्भीर हालत में मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम मवई निवासी ओमप्रकाश 35 वर्ष और उसकी पत्नी भारती देवी 30 वर्ष दोनों मजदूर थे। जो एक साथ मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। गुरुवार की देर शाम को दोनों लोग बाइक पर सवार होकर मजदूरी की तलाश में कोंच जा रहे थे। इस दौरान जब दोनों लोग नेशनल हाईवे से ग्राम पिंडारी के पास से गुजर रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपति उछल कर सड़क पर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने घायल दम्पति को अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके पति को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। वहीं मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर महिला के शव को कब्जे में लिया।

### संदिग्ध मांस से लदा कंटेनर पुलिस ने लिया हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर हजारों कुंटल संदिग्ध मांस से लदे कंटेनर को पकड़ लिया। जबकि पुलिस ने चालक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं कंटेनर में लदे मांस का नमूना भी खाद्य विभाग की टीम ने ले लिया है। एट थानाध्यक्ष संजय गुप्ता गुरुवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण करने में लगे हुए थे। तभी मुखबिर द्वारा खबर मिली कि नेशनल हाईवे से एक बड़ा वाहन गुजरने वाला है जिसमें कुछ संदिग्ध माल लदा हुआ है। जिस पर थानाध्यक्ष की अगवाई में हाईवे पर जगह-जगह पुलिस तैनात हो गई और वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई। इस दौरान एट टोल के पास पुलिस ने एक संदिग्ध कंटेनर पकड़ लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें लदा करीब 21 हज़ार किलो संदिग्ध मांस बरामद हुआ। ड्राइवर नवीन कुमार निवासी ग्राम वाह थाना भैरारी जिला विलासपुर हिमाचल प्रदेश द्वारा दिखाए गए। कागजों में हेरफेर नजर आने पर पुलिस ने ड्राइवर नवीन को हिरासत में ले लिया और कंटेनर में लदे संदिग्ध मांस को भी अपने कब्जे में ले लिया। मामले को लेकर पुलिस ने ड्राइवर सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कंटेनर में लदे मांस का नमूना भी खाद्य विभाग की टीम ने ले लिया है।

# उद्योग बंधुओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कबरई से कबरई बांध तक के रोड के निर्माण का प्रकरण उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रकरण में अपने मुख्यालय स्तर से आवश्यक कार्रवाई कराते हुए धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कबरई क्षेत्र में प्रदूषण को देखते हुए एंटी स्मोक मशीनों को लगवाने का कार्य उद्यमियों द्वारा आपसी सहयोग से किया जाए, जिससे जनपद का वातावरण स्वच्छ कराया जा सके। उन्होंने विद्युत के संबंध में कबरई क्षेत्र में रोस्टर को ठीक करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि पुनः पत्र अपने मुख्यालय को भेजा जाए। रोजगार योजनाओं के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक तथा उपायुक्त उद्योग को





निर्देश दिया गया कि शासन के मानक के अनुसार समस्त योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्तिथ रहे।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को प्रातः सुबह 10 बजे से वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 42 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में टायर इंडस्ट्रीज, मदरसन शूमी सिस्टम, न्यू एलनबेरी वर्क ग्लोबल सर्विस, साहू मोटर्स, सैमसंग इलेक्ट्रिक, हिंदुस्तान ऑटो स्पेयर पाट्र्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि कंपनियों ने वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। उपरोक्त कंपनियों हेतु जनपद में कुल 1968 युवक, युवतियों नें साक्षात्कार दिया जिसमें से कुल 1131 अभ्यर्थी विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए। वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सीडीओ





चित्रसेन सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, उपायुक्त उद्योग, सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकर नगर**



जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद के आठ विकास खण्डों के 16 ग्राम पंचायतो जमुनीपुर, कोटवा मोहम्मदपुर (ब्लॉक अकबरपुर), त्रिलोकपुर, लालापुर (ब्लॉक टांडा), लखन पट्टी ,महेशपुर मंडप (ब्लाक रामनगर), भगवान पट्टी, बीबीपुर रंदौली (ब्लाक कटेहरी), अशरफपुर भुवा, सलाहुद्दीनपुर (ब्लॉक जलालपुर), खानपुर हुसैनाबाद, नूरपुर कला (ब्लॉक भियांव), नरायनपुर, सेनपुर (ब्लॉक भीटी) में कार्यक्रम आयोजित की गई।

विकासखंड अकबरपुर के ग्राम पंचायत जमुनीपुर में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मोबाइल वैन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रधानमंत्री का उद्बोधन दिखाया जा रहा है। इसी प्रकार के कार्यक्रम अन्य शेष 15 ग्राम पंचायतो में भी आयोजित किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनपद में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचें तथा स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिये आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधायें, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 5 लाभार्थियों को पीएम किसान निधि प्रमाण पत्र, 12 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत एक लाभार्थी को चाबी वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 02 लाभार्थियों को चाबी वितरित किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि आए हुए वंचित पात्र लाभार्थियों का तत्काल सूची बनाकर पंजीकरण कराया जाए। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत वहां पर उपस्थित लोगों में से आवास योजना, समूह की महिलाएं, आयुष्मान कार्ड धारक, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला के लाभार्थी, मुफ्त राशन के लाभार्थी द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ के बारे में जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित स्कूली बच्चों से पठन-पाठन के बारे में पूछताछ किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया तथा लाभार्थी पंजीकरण रजिस्टर भी देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जिसकी ड्यूटी लगाई गई है यदि वह अनुपस्थित पाया जाता है तो उस अधिकारी/कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटते हुए आवश्यक कार्यवाही तय की जाएगी।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत जमुनीपुर में ही नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी का ड्रोन से छिड़काव के प्रदर्शन का जायजा लिया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीपीआरओ, जिला कृषि अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# महादेव गोसाई में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई/बलरामपुर**



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत महादेव गोसाईं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी व प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी का ग्राम पंचायत अधिकारी मीनाक्षी राव ने बुके देकर सम्मानित किया। लोगों को केंद्र व राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। आवास के लंभाबित लाभार्थियों को आवास की चाबी दी गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने कहा कि संकल्प भारत मिशन के अंतर्गत सभी को उनकी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिले, क्योंकि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं सभी पात्र लाभार्थियों के लिए संचालित की जा रही है। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ सभी को दे रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री तिवारी ने कहा कि विकसित भारत निर्माण में गांव के सभी लोगों को एक कदम आगे बढ़कर जागरूक बनकर गांव के सभी लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का सहयोग करें। यही विकसित भारत का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम है। देश तभी विकसित हो सकता है। जब यहां का हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझते राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करें। बीडीओ राजीव मोहन त्रिपाठी ने आवास, पेंशन, बिजली, गैस, जनधन योजना, सम्मान निधि अन्य सहित योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा प्रदान की गई। इस मौके पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा 'रिंकू मिश्रा' ग्राम प्रधान, गीता देवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# साड़ी केंद्र से अब तक 35 महिलाओं को मिला लाभ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या में साड़ी केंद्र का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया था। साड़ी केंद्र से गरीब एवं निचले तबके की तक 35 महिलाओं को अभी तक साड़ी दिया गया है साड़ी केंद्र प्रभारी श्रीमती रश्मि वर्मा ने बताया कि महामहिम राज्यपाल महोदया के दिशा निर्देशानुसार समाज में निचले तबके की महिलाओं के लिए यह कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हर महिला की इच्छा होती है कि वह अच्छी से अच्छी साड़ी पहने और समारोह में भाग ले । केंद्र की प्रभारी श्रीमती रश्मि द्वारा बताया गया कि साड़ी केन्द्र का ज्यादा प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण अभी ज्यादा लोगों को इसके बारे में पता नहीं है। प्रचार प्रसार का माध्यम मीडिया होता है यदि मीडिया सहयोग करती रहेगी तो दूर दराज के गाँवों से भी महिलाएं इसका लाभ उठा पायेगी। इस अवसर पर राजेश सिंह, कुलदीप कुमार सागर त्रिपाठी पंकज कुमार राहुल तिवारी, प्रमोद सिंह इंजीनियर अरुणेश कुमार, शिवम यादव, अखिलेश श्रीवास्तव हरिकेश सिंह, रंजीत मौर्या, कौशल किशोर सिंह आलोक मिश्रा वीरेन्द्र वर्मा, अनुराग श्रीवास्तव योगेश श्रीवास्तव, व महिलाओं में संयोगिता यादव, विमलेश गुप्ता, गुड़िया श्रीवास्तव, सरोज देवी, अर्चना वर्मा रूचि सिंह आदि मौजूद रही।

# उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के उपचार में लापरवाही के मामले में डॉक्टर को मिली नोटिस

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्याय मूर्ति नीरज तिवारी की चिकित्सा में लापरवाही के मामले में जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनको प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बृज कुमार की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, साथ ही नोटिस में यह भी कहा गया है कि क्यों ना आपको प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी जाए। घटनाक्रम के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी मंगलवार को सर्किट हाउस में ठहरे थे। रात आठ बजे के लगभग उनके सीने में जोर का दर्द होने लगा। इसकी सूचना सीएमओ को दी गई। सीएमओ डा. संजय जैन ने तत्काल प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को एक चिकित्सक सर्किट हाउस भेजने के लिए कहा। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने तत्काल जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी को फोन कर सर्किट हाउस पहुंचने व न्यायमूर्ति का उपचार करने के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर प्रशांत एक घंटे तक सर्किट हाउस नहीं पहुंचे। और जब पहुंचे भी तो बिना किसी उपकरण के सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने न्यायमूर्ति का उपचार करने से भी इंकार कर दिया। जिससे नाराज होकर न्यायमूर्ति ने उनसे उपचार कराने से मना कर दिया। इसके बाद सीएमओ ने मेडिकल कॉलेज व श्रीराम चिकित्सालय से चिकित्सकों को बुलाकर उनका उपचार कराया। न्यायमूर्ति के उपचार में लापरवाही करने के मामले में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की ओर से डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस दे कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह माना जा रहा है कि डॉ प्रशांत द्विवेदी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं और उनको प्रतिकूल प्रविष्टि भी मिल सकती है। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार डॉक्टर द्विवेदी के खिलाफ शिकायतें हो चुकी हैं। उन पर सबसे बड़ा आरोप यह है कि वह सरकारी चिकित्सक होते हुए भी बाजार की दवाई लिखते हैं। अपने साथ दलाल रखते हैं मरीज से उनका व्यवहार उचित नहीं रहता है।

# उप मुख्यमंत्री की पत्नी नम्रता से हुई शिष्टाचार भेंट



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मधु पाठक भाजपा जिला शोध प्रमुख अवध क्षेत्र ने लखनऊ में विनम्र व कर्मठ व्यक्तित्व की धनी उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक से आत्मीय भेंट कर विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मधु पाठक ने श्रीमती पाठक से अयोध्या में हो रहे श्रीराम मन्दिर निर्माण के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का सेमी फाइनल अमरावती और जालंधर की टीमों ने जीता

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर शुक्रवार को महाराज सर बीपी सिंह आल इंडिया प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच खेला गया। सेमीफाइनल मैच में आइटीबीपी जालंधर तथा हॉकी अमरावती की टीमो ने विजय हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट में एम एल के पी जी कॉलेज के हॉकी मैदान पर सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला आई टी बी पी जालंधर बनाम स्टार इलेवन बलरामपुर के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के महंथ मिथिलेश नाथ योगी के साथ विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, टूर्नामेंट सचिव व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ला तथा डॉक्टर ऋषि रंजन पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सेमी फाइनल में जबरदस्त मैच देखने को मिला।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले के पहले हाफ तक दोनों टीमें शून्य शून्य की बराबरी पर थी। दूसरे हाफ में दबदबा बनाते हुए जालंधर की टीम ने बलरामपुर को 3-1 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बलरामपुर के कप्तान अभय सिंह को प्रदान किया गया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हॉकी अमरावती महाराष्ट्र बनाम जीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज चेन्नई के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, प्रणव सिंह, अजय सिंह, आयोजन सचिव डॉक्टर राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ला व डॉक्टर ऋषि रंजन पांडे ने प्राप्त किया। बेहद रोमांचक मुकाबले में पहले हाफ तक एक गोल से पीछे रहने वाली अमरावती महाराष्ट्र की टीम ने मध्यांतर के बाद लगातार गोल करते हुए चेन्नई को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमरावती के सिद्धांत सिंह को दिया गया। कार्यक्रम मे मंत का संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान द्वारा किया गया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

**फाइनल मुकाबला आज**

महाराजा कर भगवती प्रसाद सिंह ऑल इंडिया प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 23 दिसम्बर को प्रातः 11:30 बजे से खेला जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में जल संसाधन मंत्री उत्तर प्रदेश शासन स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित होंगे। फाइनल मैच आई टी बी पी जालंधर बनाम हॉकी अमरावती महाराष्ट्र के मध्य खेला जायेगा।

## ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडेय



अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने केंद्र प्रदेश व राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहते हैं कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की देखरेख में सनातन धर्म का स्वर्णिम काल चल रहा है। हजारों वर्षों से राम मंदिर समाधान कराकर भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य कर सनातन धर्म का गौरवित किया अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि रामनगरी का कायाकल्प हो रहा है रेलवे स्टेशन राम मंदिर श्री राम अस्पताल सड़क संयुक्त रुप से तेजी से विकास हो रहा है। इस रामनगरी में देश-विदेश से आने वाले पर्यटक श्रद्धालु व राम भक्त यहां का नजारा देखकर गदगद हो रहे हैं। यहां पर्यटक का बढ़ावा मिल रहा है। हजारों बेरोजगार रोजी-रोटी से जुड़कर अपने भविष्य के साथ-साथ सरकार की भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत लाभार्थियों को दिया गया सम्मान प्रमाण पत्र

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



विकासखंड पूरा बाजार के ग्राम सभा अलावलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया कार्यक्रम के मुख्य तिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता विशिष्ट अतिथि पूरा मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा वरुण चौधरी जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचा जा रहा है कार्यक्रम का उद्देश्य योजना का लाभ सीधे लाभार्थी को पहुंचना है उन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न की जनकल्याणकारी योजनाओं पर कहा कि यह सभी योजनाएं फलीभूत हो रही हैं मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबी उमा और माधुरी को चाबी सौंपी तथा अन्य योजनाओं के तहत लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र कुकिंग गैस प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सामग्री वितरित की गई कार्यक्रम में सुरेश यादव ग्राम प्रधान विमलेश राज ग्राम पंचायत अधिकारी ज्योति शिवपूजन अजीत वर्मा सौरभ मिश्रा सहित दो दर्जन विभाग के अधिकारी हुआ कर्मचारी मौजूद थे अलावलपुर ग्राम पंचायत अधिकारी लाभार्थी एवं गणमान्य लोगों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# गरीबों की सेवा में तत्पर रहने वाले वैदेही शरण उर्फ लक्ष्मण कुमार की धूमधाम से मनी पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में गोलाघाट स्थित रामायण सेवा संस्थान कार्यालय पर साकेत वासी आचार्य वैदेही शरण महाराज उर्फ लक्ष्मण कुमार की पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाया गया।रामायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमेश मिश्रा के साथ-साथ अयोध्या धाम के वरिष्ठ संत महंत व गृहस्ट शिष्य ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही भोजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए। रामायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य बैदेही शरण महाराज हमेशा दीन दुखी व गरीबों की सेवा में हमेशा अग्रसर रहे। उनके न रहने पर भी संस्थान हमेशा सनातन धर्म गरीबों को और गौ सेवा होती रहेगी। उक्त कार्यक्रम में श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास महंत अंजनी शरण महंत राकेश दास व बृजमोहन दास अर्पित पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद खेल प्रतियोगिता का मण्डलायुक्त ने किया उद्घाटन

**खेलों में शामिल होने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है : गौरव दयाल**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अकबरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में लोकसभा क्षेत्र की सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति की। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़, वॉलीवाल, कबड्डी, रस्साकसी, खो-खो का आयोजन होगा। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि खेलों में शामिल होने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि विभिन्न खेलों में कई प्रतिभाएं मौजूद है। लगातार प्रतिभाग करने का अवसर मिलने से खिलाड़ियों में निखार आता है। खेलों के विकास के लिए सरकार ने कई योजनाएं प्रदान की है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन कबड्डी बालक वर्ग के पांच मैच आयोजित हुए। जिसमें पूरेडलई ने मवई द्वितीय, पूरा प्रथम ने मसौधा, नगर क्षेत्र प्रथम ने रूदौली द्वितीय, दरियाबाद प्रथम ने हैरिंग्टनगंज द्वितीय तथा अमानीगंज प्रथम ने पूरा बाजार द्वितीय को पराजित किया। तथा बालिका वर्ग के 13 मैच खेले गए। जिसमें पूरा बाजार प्रथम, हैरिंग्टनगंज प्रथम, नगर क्षेत्र प्रथम, मसौधा प्रथम, दरियाबाद, बीकापुर प्रथम, अमानीगंज प्रथम, सोहावल प्रथम, मवई प्रथम, मिल्कीपुर प्रथम, पूरे डलई प्रथम, अमानीगंज द्वितीय विजेता रहा। फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, सचिव अनूप दूबे, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, जिला पंचायत संदस्य इन्द्रभान सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, विशाल सिंह, शैलेन्दर कोरी, जयनारायन सिंह रिंकू, राकेश पाण्डेय राना, मौजूद रहे।

# जलजीवन मिशन के उद्देश्य के बारे में ग्रामीणों को दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में सरलादित्य ग्राम विकास सेवा संस्थान द्वारा विकास खण्ड-अकबरपुर के ग्राम पंचायत- जमुनीपुर में जल जीवन मिशन ÷ हर घर जल ÷ विकसित भारत संकल्प यात्रा के जन जागरूकता प्रोग्राम के अन्तर्गत ग्रामीण लोगो के अच्छे स्वास्थय के लिए स्वच्छ पेयजल आवश्यक है अधिकतर बीमारियो पानी के माध्यम से फैलती है दशको से जल को बुनियादी जरूरत बताया जाता रहा है लेकिन सभी को यह अभी तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश के संयुक्त भागीदारी से जल जीवन मिशन हर घर जल का सुरूआत हुआ है जिसका विजन है की प्रत्येक परिवार को किफ़ायती सेवा डिलिवरी प्रभार के बदले पाइप पेयजल योजना के माध्यम से कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध करना है जिसके द्वारा ग्रामीण परिवार को नियमित ओर दीर्घकालीन आधार पर निर्धारित गुणवत्ता वाली पेय जल की आपूर्ति पर्याप्त मात्र मे उपलब्ध कराया जा सके ताकि ग्रामीण समुदाय के जीवन मे सुधार हो सके इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणो ने प्रतिभाग किया।

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को अदालत ने किया दोषमुक्त

- आचार संहिता के दो मामलों में अवर न्यायालय ने सुनाई थी सजा
- अदालत के आदेश के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर मिठाई खिलाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को आज शुक्रवार को एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा आचार संहिता के उलंघन किये जाने के दो अलग अलग मुकदमों में अपीलेट कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है । इसकी खबर आते ही समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी कि लहर दोड़ पड़ी और राज्यमंत्री श्री गंगवार के जन सहयोग कार्यालय पर एकत्र हुए, कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई । ज्ञात रहे की आचार संहिता उलंघन के दो अलग अलग मामलों में वर्ष 2012 में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के खिलाफ थाना सुनगढ़ी में अभियोग पंजीकृत हुए थे । उपरोक्त प्रकरण में चली लंबी सुनवाई के बाद 17 दिसम्बर 2022 को एमपी/एमएलए कोर्ट सीनियर डिवीजन कि विशेष न्यायाधीश प्रियंका रानी ने तीन तीन माह कि सजा से दंडित किया था । इसके बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार ने जिला न्यायाधीश के यहाँ अपील की थी जिसकी सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट/पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश श्री छानगुरलाल की अदालत में हुई जहां आज उन्होंने उक्त दोनों अपीलों में अपीलों को स्वीकार करते हुए अवर न्यायालय द्वारा पारित निर्णय आदेश दिनांकित 17/12/2022 को निरस्त करते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार को दोषमुक्त कर दिया । अदालत के दोषमुक्ति के आदेश के बाद इसकी सूचना मिलने पर राज्यमंत्री श्री गंगवार के कार्यालय पर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई जहां कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई । इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, विजय सिंह गंगवार, नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, शिवनारायन शर्मा, अमरीश शर्मा, सचिन गंगवार(गुड्डु), पुष्पेंद्र पटेल, पार्थ, हरिशंकर, सभासद विपिन(फौजी), सोबरन प्रधान, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, रोहित गंगवार, गंगाराम, ओमकार मौर्या सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे ।

### अदालत के आदेश पर पूरा सम्मान एवं भरोसा: राज्यमंत्री



पीलीभीत एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को दोषमुक्त किये जाने के फैसले पर श्री गंगवार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि न्यायालय के ऊपर उनकों पूरा भरोसा है और इस फैसले से उनको बड़ी राहत मिली है । उन्होंने कहा कि पूर्व में अवर न्यायालय द्वारा जो आदेश किया गया था उसका भी सम्मान किया और आज अपीलेट कोर्ट ने जो आदेश किया है उसका भी पूरी तरह सम्मान करता हूँ।

# सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सीओ ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

- एसएसबी एवं नेपाल एपीएफ फोर्स के साथ भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर की संयुक्त गश्त

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** पुलिस क्षेत्राधिकार ने आलोक सिंह ने सीमावर्ती गांव में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। भारत नेपाल सीमा से होने वाली तस्करी की रोकथाम के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। बैठक के बाद एसएसबी के साथ बॉर्डर क्षेत्र में पैदल गश्त की। शुक्रवार पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बॉर्डर पर नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की कंबोज नगर पुलिस चौकी पर पहुंचकर ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। सीमा पर होने वाले अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। मादक पदार्थ, मानव तस्करी सहित अन्य सामानों की तस्करी को रोकने के लिए ग्रामीणों से वार्ता की। ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष परमजीत सिंह बमनपुरी भागीरथ के पूर्व प्रधान गुरदेव सिंह बेल्हा ग्राम प्रधान अमरीक सिंह,कुलवंत सिंह, जरनैल सिंह,सतनाम सिंह,दलबीर सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए गए पत्र में बताया कि क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या बनी हुई है।मांग पत्र में नेटवर्क की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।इसके पश्चात पुलिस क्षेत्राधिकारी ने 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बीओपी चौकी कंबोज नगर के प्रभारी जवानों एवं नेपाल एपीएफ फोर्स एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त की।अंतर्राष्ट्रीय स्तंभों को देख कर जानकारी जुटाई।इस दौरान हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार सहित अन्य जवान मौजूद रहे।

### ग्राम चौकीदारों की बैठक ली

शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने हजारा थाना का निरीक्षण किया। थाना परिसर पुरुष एवं महिला बैरक,मुख्य कार्यालय,कंप्यूटर कक्ष,महिला हेल्प डेस्क,मलखाना,असलहों की साफ सफाई,मेस का निरीक्षण करने के पश्चात अभिलेखों की जांच की। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। ग्राम चौकीदारों की बैठक ली। उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह,थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार, उप निरीक्षक संजीव कुमार,तेजवीर सिंह,रविंद्र पाल सिंह,राकेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### अच्छे कार्य के लिए नगद धनराशि देकर किया पुरस्कृत

हजारा थाना का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार ने थाने का मुआयना करने के दौरान थाने के आरक्षी एवं मुंशी राहुल कुमार के अच्छे कार्य के लिए पांच सौ रुपये की नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया ।मेस में सभी के लिए तैयार सह भोज के दौरान स्वादिष्ट एवं बढ़िया भोजन बनाने के लिए फॉलोअर गणेश उपाध्याय को पांच सौ रुपये की नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया है।

# संसद के दोनों सदनों से सांसदों के निलंबन पर कांग्रेसी हुए आंदोलित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमला करते हुए दोनो सदनों से 142 सांसदों के निलंबन और हमारी लोकतांत्रिक नींव पर किए जा रहे हमले का जोरदार विरोध किया गया! सभी कांग्रेस पदाधिकारी, फ्रंटल एवं अनुसांगिक संगठन के सदस्य, कार्यकर्ता गण दिन 11:00 बजे जोगियापुर स्थित पुराने जिला कार्यालय के समीप एकत्र होकर कलेक्ट्री कचेहरी तक नारे लगाते हुए पदयात्रा निकालकर अपना विरोध दर्ज किया! पदयात्रा के पश्चात कांग्रेसी कलेक्ट्री कचेहरी में चल रहे ढ्हष्ढ्ढ गठबंधन के धरने में शामिल हो गए! इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फ़ैसल हसन तबरेज़ ने कहा कि मोदी सरकार ने 40 करोड़ मतदाताओं की अगुवाई करने वाले सांसदों का निलंबन करके देश के मतदाताओं का अपमान किया है! संसद में जनता की आवाज को दबाने का काम किया है! प्रतीत होता है कि मोदी अलोकतांत्रिक तरीके से गरीबो, किसानो, छोटे व्यापारियों, बेरोजगार, महिलाओ की आवाज को कुचल देना चाहते है! इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि सरकार का यह कृत्य हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतो की हत्या और हमारी संसद को लोकतंत्र के कब्रिस्तान में बदल जाने के रूप में वर्णित किया जाएगा! देश की भाजपा सरकार बाबा साहब के बनाए हुए संविधान जिसमे समाज के वंचित, पिछडो, अल्पसंखयक, के सम्मान और समान अधिकार की बात की थी उन्हें अधिकार दिया था, उसको पूर्ण रूप से कुचल देने का काम कर रही है! इस अवसर पर श्रीमती रेखा सिंह, पंकज सोनकर, सत्यवीर सिंह, धर्मेंद्र निषाद, राजेश गौतम, तिलकधारी निषाद, राकेश सिंह डब्बू, राकेश उपाध्याय, अबुज़र शेख, फ़ैसल यासीन, विकास तिवारी, मंगला गुरु, राकेश मिश्रा, आर सी पाण्डेय, देवराज पाण्डेय, अनिल दुबे आज़ाद, नीरज राय, देवेंद्र मिश्रा, विजय वर्मा, गौरव सिंह सनी, नरेंद्र पटेल, सुनील यादव, संजय विश्वकर्मा, राजीव निषाद, संदीप सोनकर, अजय सोनकर, सुरेश गौड़, संजय माली, संदीप निषाद, विजय प्रजापति, आनंद सेठ, विनय तिवारी, लव गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, नीलेश सिंह, डॉ आज़म खान, बबलू गुप्ता, अंकित राय, निसार इलाही, अमित मिश्रा, अमन सिन्हा, सब्बल, इकबाल आदि मौजूद रहे!

### पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में चलाया गया पॉलीथिन उन्मूलन अभियान

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** शुक्रवार को पॉलीथिन उन्मूलन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और शहर के तमाम सभासद सड़क पर निकले और जगह-जगह पॉलिथीन एकत्र की। इसके साथ ही दुकानों के आगे पॉलिथीन फैला रहे दुकानदारों को डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सभासद निजाकत अली कादरी, वतन दीप मिश्रा, राशिद हुसैन, सभासद साकेत सक्सेना, शिवम श्रीवास्तव, सुरेश लोधी, अवतार सिंह मोनू, विकास बाबू, सफाई निरीक्षक आबिद अली, साबिर अली, अमर किशोर, मुकेश कुमार, विकास, कल्लू, बृजेश कुमार सहित काफी संख्या में सफाई कर्मी छतरी चौराहे पर एकत्र हुए।

# दुधिया खुर्द में तेंदुआ ने नील गाय को बनाया निवाला

- वीरखेडा में डिग्री कॉलेज के पास गन्ने के खेत में बाघ की मौजूदगी
- तेंदुआ ओर बाघ की निगरानी में लगी वन विभाग की टीम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** जंगल से निकले तेंदुआ ने पीछा कर गन्ने के खेत में घूम रहे नीलगाय को निवाला बना लिया। खेत पर गए किसान ने वन्यजीव के शव के पास तेंदुआ को बैठा देखा तो दवे पांव वापस लौट आया। गन्ने के खेत में तेंदुआ होने की जानकारी पर आस-पड़ोस के खेतों में काम कर रहे किसानों में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। पीटीआर की हरीपुर रेंज से निकला तेंदुआ शिकार के लिए वन्यजीव का पीछा करते हुए दूधिया खुर्द गांव के निकट पहुंच गया। गुरुवार शाम तेंदुआ ने जंगल से दो किलोमीटर दूर दूधिया खुर्द निवासी पूर्व प्रधान चमन सिंह के गन्ने के खेत में वन्य जीव का शिकार कर निवाला बना लिया। खेत पर गए किसान ने गन्ने के खेत में वन्य जीव के शव के पास तेंदुआ बैठा देखा तो घबरा गया। मामले की जानकारी आस पड़ोस के किसानों को दी। घटना की जानकारी पर फारेस्ट गार्ड हर्षित मिश्रा वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। गन्ने के खेत में घटनास्थल का मौका मुआयना किया। तेंदुआ शिकार कर वन्यजीव के मांस को खा गया। तेंदुआ आबादी से पांच सौ मी. दूर गन्ने के खेत में डेरा जमाए हुए हैं। देर शाम तक वन विभाग की टीम निगरानी में लगी रही।

### वीर खेड़ा में डिग्री कालेज के बाद गन्ने के खेत में पंहुचा बाघ

जंगल से निकाल कर बीते दो माह से रिहायशी इलाके में चहल कदमी कर रहा बाघ जंगल वापस लौट के मूड में नहीं है। मंगलवार बाघ चहल कदमी करता हुआ वीर खेड़ा स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में पहुंच गया था। गुरुवार वन विभाग की टीम को बाघ की लोकेशन नहीं मिली। शुक्रवार तड़के बाघ गन्ने से निकलकर गेहूं के खेत में चहल कदमी करते देखा गया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

> आबादी से दूर गन्ने के खेत में बाघ की चहलकदमी देखी गई है।दुधिया खुर्द में तेंदुआ ने वन्यजीव का शिकार किया था। टीम को मौके पर भेजा गया था। दोनों गांवों में टीम निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।
> –पीयूष मोहन श्रीवास्तव, रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर

## फास्ट फॉरवर्ड


### पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/महराजगंज।** क्षेत्र के सवंसा ग्राम पंचायत में पं. दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन पशु अधीक्षक डा. सचिन सिंह के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र द्वारा गौ माता का पूजन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वही ग्रामीणों द्वारा पशुओं का इलाज व नित्य नई योजनाओं के बारे में जानकारी तथा मुफ्त दवा ली गई। विधायक ने पशुपालकों से आग्रह करते हुए कहा कि गाय की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। तथा हमें इनकी अच्छे से देख रेख तथा टीकाकरण नियमित करना चाहिए वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी गिनाया तथा यह भी कहा कि गाय का दूध अमृत के समान है। जिसकी हमें रक्षा तथा सुरक्षा करनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. सचिन कुमार सिंह, डॉ. मिथिलेश सिंह, डॉ. सुशील कुमार यादव, डॉ. मोहम्मद सैफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह (लव कुश), पूर्व प्रधान उमापति सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य त्रिलोकी सिंह, चंदापुर ग्राम प्रधान बृजेश सिंह, देवेंद्र प्रताप, पशुधन अधिकारी महेंद्र कुमार, कर्मचारी गण में मुन्नू, रवि, खुर्शीद, राजन तथा क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



### नुक्कड़ नाटक से जागरूक किए गए अभिभावक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/बरईपार।** बेसिक शिक्षा जौनपुर द्वारा स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के निपुण मिशन के तहत बरईपार चौराहे पर वाराणसी से आई टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक किया गया। टीम ने बालिकाओं को स्कूल भेजने, डीबीटी,दीक्षा एप पर नाटक के साथ सपना सिंह द्वारा शिक्षा गीत शमा बांधा। इस दौरान टीम लीडर सपना सिंह, अतुल सिंह, इरशाद, अजूबा और आलम आदि कलाकारों ने ड्रम आदि के साथ कायाकल्प, बारह सौ डीवीडी, दीक्षा स्विफ्ट चैट एप, थीम पर अभिभावकों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। टीम लीडर सपना सिंह ने बताया कि भारत नुक्कड़ नाट्य समिति वाराणसी के तरफ से स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी हेतु निपुण मिशन जौनपुर की तरफ से जनपद बासठ नुक्कड़ चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर जनजागरण किया जा रहा है। बैनर लगाकर ज्यों ही ड्रम बजा की अभिभावकों की भीड़ आ गई। सुंदर प्रस्तुति जनजागरण टीम द्वारा किया गया। इस दौरान प्रदर्शन के नोडल शिवाकांत तिवारी ने विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओ के बारे में विस्तार से बताते हुए आई हुई टीम को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक के रूप मे अखिलेश सिंह,कमलेश उपाध्याय रहे।



### उत्पीड़न के शिकार ने डीएम व कप्तान से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/केराकत।** क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर में विगत दिनों पुलिसिया उत्पीड़न के शिकार पीड़ितों ने केराकत पुलिस की शिकायत डीएम और कप्तान से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने बताया कि बिना राजस्व विभाग के पुलिस गांव पंहुचकर मनमानी की। पुलिस ने विडियो बना रही युवती को अपशब्दों की बौछार करते हुए मोबाइल छीन ली और विरोध करने पर थप्पड़ मारे। डीएम व एसपी ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। गांव में समरू यादव व रामसुख यादव के बीच जमीनी विवाद है। एक पक्ष ने चार माह पूर्व घर की जलनिकासी हेतु पाइप बिछाया था। गुरूवार को दूसरा पक्ष पुलिस के साथ फरसा कुदाल आदि के साथ पंहुचा और पाइप निकालने लगा। एक पक्ष पुलिस के साथ खुदाई का विडियो बनाने लगा। आरोप है कि पुलिस विडियो बनाते देख अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मोबाइल छीन लिए और थाने पर ले जाकर पुलिस ने पिटाई की। थाना इंचार्ज ने सुलह का दबाव डाला। सुलह न करने पर चालान कर दिया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि पुलिस की शह पाकर दूसरे पक्ष ने पाइप उखाड़कर फेंक दिया। जिसके चलते पीड़ित का लगभग 15 हजार की पाइप नुकसान होने के साथ ही जल निकासी की समस्या आ खड़ी हुई है।


# कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर-जौनपुर

पत्रांक : 807/पी0एम0स्व0निधि/2023-24

दिनांक : 21.12.2023

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर में ''पी0एम0 स्वनिधि योजना'' अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Profiling of PM Svanidhi Beneficiaris) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु कार्य में दक्ष संस्था/फर्मो से ऑफलाइन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें दिनांक 03.01.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 03.01.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी, जिसके निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 02.01.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अधोहस्ताक्षरी नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर दें। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तों एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | कार्य/सामग्री का विवरण | धनराशि जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि 5 प्रतिशत | निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनाओं के सर्वे कार्य।<br>IEC Activities like installation of hordings banners etc. Mobilization of vendors.<br>Imparting of Training to data Collectors. Payment to data Collectors. Local Transport.<br>Any other Expenditure related to the programme. | 5,00,000.00 | 25,000.00 | 500+90= 590.00 | 01 माह या कार्य पूर्ण होने तक |

**निविदा हेतु शर्तें-**

1. सशर्त/कटिंग/ओवरराइटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरस्त समझी जायेगी।
2. 10 रू0 के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाता का न तो कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है।
3. उपरोक्त कार्य को कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुभव को वरीयता दी जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य हेतु 05 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर के पक्ष में बन्धक होगा, को संलग्न करना अनिवार्य है।
5. अनुबंध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर देय होगा।
6. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार आधोहस्ताक्षरी नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर का होगा।
7. भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा।
8. बिल से नियमानुसार करों आदि की कटौती की जायेगी।
9. शासन/निदेशालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(बृज किशोर सिंह गौर)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मछलीशहर
जौनपुर

(संजय कुमार जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मछलीशहर
जौनपुर

# भारत 2024–25 के दौरान दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में एक होगा, फिच का अनुमान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




फिच रेटिंग्स का अनुमान है कि भारत 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की लचीली जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक होगा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एजेंसी ने जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

### आईएमएफ ने भी 2023–24 में भारत की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का जताया है अनुमान

इस सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2023–24 और अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। आईएमएफ ने कहा कि देश की वृद्धि मजबूत रहने की उम्मीद है, जिसे व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता का समर्थन मिलेगा। दिसंबर 2023 में, गोल्डमैन सैक्स रिसर्च ने भी अनुमान जताया था कि 2024 में भारत की विकास दर 13 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक 6.2 प्रतिशत होगी। चीन के 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ दूसरे स्थान पर रहने का अनुमान है। वहीं, एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2024–2026 के दौरान भारत की जीडीपी सालाना 6 से 7.1 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023–24 और 2024–25 के लिए 6.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान लगाया है।

### आरबीआई ने 2023–24 के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान में किया है बदलाव

हालांकि केंद्रीय बैंक ने प्रमुख नीतिगत दरों में यथास्थिति बनाए रखते हुए वित्त वर्ष 2023–24 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 50 आधार अंक बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। अक्टूबर की बैठक में रिजर्व बैंक ने 2023–24 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से यह संशोधन भारत में जुलाई–सितंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक वृद्धि 7.6 प्रतिशत रहने के बाद किया है।

### सीमेंट, बिजली और पेट्रोलियम उत्पादों की मांग मजबूत बनी रहेगी

फिच की रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट, बिजली और पेट्रोलियम उत्पादों की मांग मजबूत बनी रहेगी और 2023 में उच्च आवृत्ति वाले आंकड़े कोविड–19 महामारी से पहले के स्तर से काफी ऊपर बने रहेंगे। भारत के बढ़ते बुनियादी ढांचे के खर्च से इस्पात की भी मांग बढ़ेगी। फिच ने शुक्रवार को जारी अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि 2023 में मजबूत वृद्धि के बाद नरमी की हमारी उम्मीद के बावजूद कारों की बिक्री में भी वृद्धि जारी रहेगी। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2030 तक, भारत का सकल घरेलू उत्पाद जापान से अधिक होने का अनुमान है, जिससे भारत एशिया–प्रशांत क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### मजबूत आर्थिक वृद्धि से कंपनियों की मांग बढ़ेगी

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि प्रमुख विदेशी बाजारों में धीमी वृद्धि से कमजोरी के बावजूद भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि से कंपनियों में मांग बढ़ेगी। इससे इनपुट लागत का दबाव कम होने से मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में मुनाफा 2022–23 के स्तर से 290 आधार अंक ऊपर पहुंच सकता है। इससे कंपनियों को उच्च पूंजीगत व्यय के बावजूद पर्याप्त रेटिंग बनाए रखने में मदद मिलेगी। जीडीपी में बड़ा योगदान करने वाले भारत के आईटी क्षेत्र के बारे में रेटिंग में कहा गया है कि अमेरिका और यूरोजोन में मांग में नरमी से आईटी सेवाओं की बिक्री वृद्धि में नरमी आने की आशंका है, लेकिन कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने और वेतन के दबाव में कमी से मुनाफे में बढ़ोतरी होनी चाहिए। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती मांग से सीमेंट और इस्पात क्षेत्रों में उद्योग संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। हमारा मानना है कि भारत की संरचनात्मक मांग दृश्यता, सरकार की ओर से आपूर्ति में पक्ष सुधार और स्वस्थ कॉरपोरेट और बैंकों के बैलेंस शीट से वित्त वर्ष 2023 में तेजी के बाद अधिकांश क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय में और वृद्धि होगी।

# ईडी ने केजरीवाल को भेजा तीसरी बार समन तीन जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजा है। ईडी द्वारा शुक्रवार को भेजे गए समन में केजरीवाल को तीन जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल 10 दिन विपश्यना के लिए पंजाब चले गए हैं।

### किस हैसियत से बुला रही मुझे ईडी: केजरीवाल

बता दें कि इससे पहले ईडी ने शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बीते

**✻ केजरीवाल 10 दिन विपश्यना के लिए पंजाब चले गए हैं**

सोमवार को उन्हें समन जारी करके गुरुवार को बुलाया था। इस पर केजरीवाल ने अपने वकीलों द्वारा कहा गया कि यह सिर्फ 2024 में लोकसभा चुनाव के अंतिम महीनों में सनसनीखेज खबरें बनाने के लिए है। समन के समय पर सवाल उठाते हुए केजरीवाल ने कहा कि आपके समन का समय मेरी सोच को और मजबूत करता है कि मुझे भेजे जा रहे समन किसी उद्देश्य या तर्कसंगत मानदंड पर आधारित नहीं हैं बल्कि पूरी तरह से प्रचार के साथ-साथ देश में बहुप्रतीक्षित लोकसभा चुनाव के अंतिम कुछ महीनों में सनसनीखेज खबरें बनाने के लिए हैं। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। उन्होंने इसके बारे में भी अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि मुझे गवाह, संदिग्ध, दिल्ली के सीएम या आम आदमी पार्टी के संयोजक के रूप में बुलाया जा रहा है।

### अक्तूबर में भेजा था समन

अरविंद केजरीवाल को ईडी ने अक्तूबर में भी इस मामले में समन जारी करके दो नवंबर को तलब किया था, लेकिन वह उस दौरान भी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। तब उन्होंने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देते हुए ईडी के समक्ष पेश होने का समय मांगा था, वहीं दो नवंबर को उनके वकीलों ने ईडी के समन को गैर कानूनी करार दे दिया था।

# विस्थापित किसानों को सता रही भविष्य की चिंता

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नए औद्योगिक क्षेत्र में चीनी मिल धुरियापार के इर्द गिर्द के 18 गावों को चिन्हित कर 15 गावों की करीब 5500 एकड़ कृषि भूमि का अधिग्रहण करना सुनिश्चित हो गया है। जिसमें से मौजा हरपुर, कास्त काशी नायक और सकरदेइया की कृषि भूमि का गीडा की तर्ज पर औद्योगिक क्षेत्र हेतु, जमीन का पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है, और पहले इलाके में उपरोक्त तीनों गावों को समाहित किया गया है। कृषि भूमि के अधिकृत किसानों से सहमति पत्र भी करीब करीब ले लिया गया है, जिसमें लगभग एकतिहाई से अधिक क्षेत्रीय किसान न होकर निवेशक और पाहिकास्तों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। पुराने सर्किल रेट से चार गुना रेट,जनांदोलन के उपरान्त मुवायजा देना तय किया गया। यहां तक तो, औद्योगिक क्रांति की लहर में कृषकों का सहयोग सराहनीय कदम माना जा रहा है। परंतु विस्थापित कृषकों के स्थाई पुनर्वास की योजना क्या है पीढ़ी दर पीढ़ी परंपरा गत आजीविका व भरण पोषण का स्थाई साधन, कृषि भूमि के बदले बतौर मुवायजे में मिली कुछ धन राशि, कृषक परिवार के जीवन यापन, विभिन्न दैनीदानिक आवश्यकताओं व पुनर्वसन हेतु कुछ समय सीमा तक ही सीमित रह सकती है। कृषक परिवार के स्थाई पुनर्वास, भरण पोषण व जीवनोपयोगी अन्य आवश्यकताओं का कोई भी समुचित, सर्व समावेशक उपजीविका का साधन , आयोजन का, सरकार व प्राधिकरण द्वारा किंचित मात्र भी कहीं उल्लेख व नीति गत घोषणा न करके, आनन फानन में, कृषि भूमि का अधिग्रहण, यह श्रमजीवी कृषकों को भूमि हीन बनाकर, बेकरी, बेरोजगारी व लाचारी कीखाई मे झोंकने का कार्य, मृग तृष्णा ही साबित होगा, कहना नही होगा कि, क्षेत्रीय कृषक जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी खेती पर अवलंबित थे, बदले मे मिलने वाला मुवायजा, परिवार का कितने दिन भरण पोषण कर पाएगा? पैसा समाप्त हो जाने केबाद क्या वह रास्ते पर आने को विवश नही हो जायगा? जो भूमिपुत्र किसान है, अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ी के भविष्य का विचार न तो कृषक कर रहे हैं न ही समुचित विचार सरकार व प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। सर्व विदित है की कृषक का पशुपालन भी कृषि भूमि पर निर्भर है, कृषि उत्पन्न चारे के अभाव में चाहकर भी किसान दुधारू पशु पालन भी नही कर पायेगा, अस्तु गो धन भी विलुप्त प्राय हो जाएगा, जो कृषकों के दूध, ईंधन , खाद के साथ साथ आय का अहम श्रोत था,कहना नही होगा की कृषि भूमि पर लगाए जाने वाले, केमिकल उद्योग से आस पास के 10.किमी का परिसर प्रदूषित दुर्गंध से व्याप्त रहेगा, जिससे लोगों का व बुजुर्ग, बाल, मरीज, इन सबका जीना दुभर हो जायेगा।

# मोहन सरकार लेगी अपना पहला कर्ज

## 27 दिसंबर को खाते में आएगी दो हजार करोड़ की राशि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल



मध्यप्रदेश की नवनियुक्त मोहन सरकार को प्रदेश की कमान संभालते ही भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए सूबे की मोहन सरकार अपना पहला कर्ज लेने जा रही है। सरकार 2000 करोड़ रुपये का कर्ज लेगी। 27 दिसंबर को सरकार के खाते में यह राशि आएगी। यह कर्ज सरकार ने 16 साल के लिए लिया है। जिसे वर्ष 2039 तक चुकाना होगा। वित्त विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की है। सरकार आरबीआई के ई कुबेर सिस्टम के जरिए यह कर्ज लेगी। बता दें, सरकार का गठन हुए अभी सिर्फ 10 दिन ही हुए हैं। इतने कम अंतराल में ही सरकार को अपना पहला कर्ज लेना पड़ गया है। इधर वित्तीय बजट खत्म होने में अभी तीन महीने शेष हैं। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि सरकार पहले विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट ला सकती है, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया।

### इन योजनाओं पर खर्चा

मप्र में पहले ही लाड़ली बहना जैसी मुफ्त की योजनाओं के लिए सरकार को हर महीने कम से कम 4 हज़ार करोड़ का कर्ज लेना पड़ रहा है। इस योजना के तहत हर महीने प्रदेश की एक करोड़ से अधिक लाडली बहनों को 1250 रुपये दिए जाते हैं। सरकारी की यह चुनावी योजना अब सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। इसके अलावा कई चुनावी योजनाएं और हैं जिनके लिए सरकार को पैसे की जरूरत है।

### एक साल में इतना लिया

मध्यप्रदेश की पूर्व शिवराज सरकार पहले ही इस वित्तीय वर्ष में 23 हजार का करोड़ का कर्ज ले चुकी है। इस नए कर्ज को मिलाकर यह राशि 25 हजार करोड़ पर पहुंच जाएगी। प्रदेश पर अब कुल कर्जा 3 लाख 50 हजार करोड़ का होने पर है। ऐसे में मप्र पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि कर्ज लेकर विकास करने की सरकार की यह मंशा विपक्ष के भी निशाने पर है। जहां एक ओर कांग्रेस, सरकार को फिजूलखर्ची कम करने की सलाह दे रही है।

# तमिलनाडु: भारी बारिश से 31 की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई



### राज्य को सहयोग देने के लिए धन्यवाद: कुमारस्वामी

जनता दल सेक्युलर नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। बैठक में कुमारस्वामी ने राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार के समर्थन के आश्वासन के लिए राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया है। एक दिन पहले कुमारस्वामी ने पीएम मोदी से भी मुलाकात की थी।

तमिलनाडु में भारी बारिश ने भयंकर तबाही मचाई है, कई जिलों में तो बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इस महीने की शुरुआत में आए चक्रवाती तूफान मिचोंग की वजह से तमिलनाडु के तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ था। अभी इस कष्ट से लोग बाहर भी निकल नहीं पाए हैं कि इसी बीच भारी बारिश ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारी बारिश के कारण तमिलनाडु के चार जिलों में 31 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि केंद्र तमिलनाडु के लोगों की लगातार मदद कर रहा है। इस वित्तीय वर्ष में केंद्र ने राज्य को दो किस्तों में 900 करोड़ रुपये जारी किए हैं। सीतारमण ने कहा कि चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के पास तीन डॉप्लर सहित अत्याधुनिक उपकरण हैं। उसने 12 दिसंबर को ही पूर्वानुमान जताया था कि 17 दिसंबर को चार जिलों तेनकाशी, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन में भारी बारिश होगी। उन्होंने कहा कि जब तमिलनाडु में इतनी बड़ी आपदा आ रही थी तब मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इंडिया गठबंधन के साथ दिल्ली में मौजूद थे।

### पहाड़ों पर जमकर बरसात हो रही है...

मालूम हो कि एक तरफ जहां दक्षिण के मौसम का ये हाल है, वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर जमकर बरसात हो रही है, जिसकी वजह से उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है और कोहरे का असर दिख रहा है। आईएमडी ने अपने ताजा अपडेट में कहा है कि 25 दिसंबर से पहले यहां पर बारिश हो सकती है, जिसके कारण यहां पर लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा और कोहरा छाएगा। मैदानी इलाकों में पारा पांच से सात डिग्री तक नीचे जा सकता है इसलिए अलर्ट जारी किया गया है।

### जनरल इंश्योरेंस कंपनियों के दावों के त्वरित निपटान के लिए लगेगा विशेष शिविर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि चक्रवात मिचौंग से प्रभावित क्षेत्रों में साधारण बीमा कंपनियों के दावों के त्वरित निपटान के लिए चेन्नई में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश और बाढ़ से प्रभावित तमिलनाडु के चार जिलों में भी इसी तरह के प्रयास किए जाएंगे। मिचौंग चक्रवात के बाद चार जिलों तिरुनेलवेली, तूतुकुडी, कन्याकुमारी और तेनकाशी में अत्यधिक बारिश हुई जिससे इन इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने कहा कि इन जिलों में पानी कम होने के बाद बाढ़ के कारण होने वाले दावों के निपटान के लिए बीमा कंपनियों की ओर से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# दिल्ली की तीन और सिक्किम की एक राज्यसभा सीट पर चुनाव की तारीख जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली से तीन और सिक्किम से एक राज्यसभा सीट पर 19 जनवरी को चुनाव होगा। बता दें संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता और नारायण दास गुप्ता का छह साल का कार्यकाल अगले वर्ष 27 जनवरी को खत्म हो जाएगा। वहीं सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट से हिशे लाचुंगपा का कार्यकाल अगले वर्ष 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। बता दें आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में हैं। साथ ही सदन में अभद्र व्यवहार के कारण वह 24 जुलाई से राज्यसभा से निलंबित है। चुनाव आयोग द्वारा जारी बयान के मुताबिक चार रिक्तियों को भरने के लिए चुनाव 19 जनवरी को होंगे। नामांकन प्रक्रिया दो जनवरी को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी और नौ जनवरी पर्चा दाखिल करने की अंतिम तारीख होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को राज्यसभा में तीन सीटें आवंटित की गई हैं। चुनाव पैनल ने कहा कि दिल्ली से राज्यसभा में तीन रिक्तियां विषय पर कानून के मुताबिक तीन अलग-अलग चुनाव आयोजित करके भरी जा रही हैं।

# ओएसडी नियुक्तियां, मुख्यमंत्री को भी बाहरी उम्मीदवार का मोह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

राज्य में 2.44 लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं और भरती प्रक्रिया रुकी हुई है। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री सचिवालय में ओएसडी के 9 में से 6 पदों पर बाहरी उम्मीदवार हैं। केवल 3 सरकारी अधिकारी हैं। यह जानकारी आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को महाराष्ट्र सरकार ने दी। यहां तक कि मुख्यमंत्री भी बाहरी उम्मीदवारों के मोह में अधिक है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने महाराष्ट्र सरकार से

**✻ 9 ओएसडी में से 6 उम्मीदवार बाहरी, केवल 3 सरकारी अधिकारी**

मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्यरत ओएसडी के बारे में विभिन्न जानकारी मांगी थी। सामान्य प्रशासन विभाग की कक्ष अधिकारी कल्याणी धरप ने वर्तमान में मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्यरत ओएसडी की सूची अनिल गलगली को प्रदान की। कुल 9 ओएसडी उम्मीदवारों में से 6 बाहर से हैं जबकि केवल 3 ओएसडी सरकारी हैं। जो 6 उम्मीदवार बाहरी हैं उनमें मंगेश चिवटे, विनायक पात्रुडकर, आनंद माडिया, आशीष कुलकर्णी, अमित हुक्केरीकर और मारुति सालुंखे शामिल हैं। तीन सरकारी अधिकारी हैं इनमें डॉ. राजेश कवले, डॉ. राहुल गेठे और डॉ. बाल सिंह राजपूत है। मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्यरत विशेष कार्य अधिकारी यानि ओएसडी की शैक्षणिक योग्यता की जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण गलगली को सलाह दी गई है कि मुख्यमंत्री सचिवालय से वह जानकारी प्राप्त कर लें। ओएसडी के कार्यों के मूल्यांकन के संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय से जानकारी प्राप्त करने की भी सलाह दी गयी है। इन्हें प्राप्त कुल मासिक आय के संबंध में गलगली आवेदन कार्यासन 21 में स्थानांतरित कर दिया गया है। अनिल गलगली के मुताबिक राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है। लाखों पद रिक्त हैं। बाहरी अभ्यर्थियों की अस्थाई भर्ती के स्थान पर स्थाई भर्ती की जाए। गलगली ने सभी ओएसडी के काम का मूल्यांकन करने और उसकी जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की है।

# छत्तीसगढ़ में 9 मंत्रियों ने ली शपथ

## ओपी चौधरी, लक्ष्मी और टंकराम पहली बार विधायक बने और मंत्री बनाए गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर



छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल का 22 दिसंबर को शपथ ग्रहण हो गया। राजभवन में 9 विधायकों को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मंत्री पद की शपथ दिलाई। 9 मंत्रियों में बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल , केदार कश्यप, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल और लखनलाल देवांगन शामिल हैं। ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा और लक्ष्मी राजवाड़े पहली बार विधायक बने और मंत्री भी बन गए। साव और शर्मा ने 13 दिसंबर को शपथ ली थी। मुख्यमंत्री समेत प्रदेश मंत्रिमंडल में 13 सदस्यों की जगह है। सीएम विष्णुदेव साय और दो डिप्टी सीएम बनने के बाद 9 मंत्री बनाए गए हैं। अभी एक सदस्य की जगह खाली है। 12 सदस्यीय कैबिनेट में अभी 6 ओबीसी, 3 आदिवासी, 2 सामान्य और 1 एससी हैं। शपथ लेने वालों में पांच विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार मंत्री बने। इनमें लक्ष्मी राजवाड़े (नया चेहरा), टंकराम वर्मा (नया चेहरा), ओपी चौधरी (नया चेहरा), श्यामबिहारी जायसवाल( पहले विधायक रहे हैं) और लखनलाल देवांगन (पहले विधायक रह चुके हैं) हैं। 12 लोगों के मंत्रिमंडल में 5 विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक बने और पहली ही बार में मंत्री बनाए गए।

# पवित्र धार्मिक स्थलों पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग

जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

**मुंबई।** भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय रेल राज्य मंत्री राव साहेब दानवे पाटिल को पत्र लिखकर मांग किया है कि मुंबई से वाराणसी,अयोध्या और मथुरा इन तीनों पवित्र स्थलों पर वंदे भारत ट्रेन चलाई जानी चाहिए।

अर्जुन गुप्ता ने पत्र में लिखा है कि मुंबई में उत्तर भारत के लोग कई पीढ़ियों से बसे हैं। मुंबई से काशी मथुरा एवं अयोध्या के लिए एक-एक वंदे भारत ट्रेन रोज नहीं तो कम से कम सप्ताह में एक बार चलाई जानी चाहिए। वंदे भारत ट्रेन चलाने से मुंबईकरों का बहुत ही फायदा होगा।

# पीएम मोदी की होगी जीत, विपक्ष हारेगा, खरगे के पीएम उम्मीदवार बनने की चर्चाओं के बीच बोले अजीत पवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर चुटकी लेते हुए कहा कि पीएम मोदी और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच बहुत बड़ा अंतर है। आगामी लोकसभा चुनाव में लोग फिर से पीएम मोदी का समर्थन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वह भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ अपने गठबंधन को धोखा नहीं देंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने जो राजनीतिक रुख अपनाया है, उसे नहीं बदलूंगा। मैं स्टांप पेपर पर भी इस बात को लिखने के लिए तैयार हूं।

### सत्तारूढ़ के सभी दल संयुक्त रैलियां करेंगे- तटकरे

सुनील तटकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता मार्च 2024 में लागू होने की उम्मीद है और पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। लोकसभा सांसद और एनसीपी के अजीत पवार गुट के राज्य इकाई प्रमुख सुनील तटकरे ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सभी दल महाराष्ट्र में संयुक्त रैलियां करेंगे। अजित पवार ने पार्टी की भूमिका, जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही तटकरे ने विश्वास जताया कि चुनाव आयोग उन्हें पार्टी का नाम और प्रतीक आवंटित करेगा। तटकरे ने कहा कि एनसीपी की मुंबई इकाई की बैठक सात जनवरी को होगी, जबकि महिला प्रकोष्ठ की बैठक 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी।

### 48 लोकसभा सीटों में से 23 पर लड़ेंगे चुनाव: संजय राउत



वहीं दूसरी ओर, शिवसेना(यूटीबी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 23 पर चुनाव लडेंगी। कांग्रेस ने कहा कि अभी तक महाराष्ट्र के बीच सीट बंटवारे पर शुरुआती बातचीत भी शुरू नहीं हुई है। पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि उन्होंने विपक्ष की बैठक से पहले शिवसेना सेना (यूबीटी) नेताओं उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे के साथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ–साथ एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ बातचीत की। हम 23 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे क्योंकि हम हमेशा इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ते रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)